दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित >>> दिल्ली >>> गाजियाबाद >>> नोएडा >>> ग्रेटर नोएडा >>> हापुड़ >>> अमरोहा >>> बागपत >>> मेरठ >>> मुजफ्फर नगर >>> बिजनौर >>> मुरादाबाद >>> बुलंदशहर >>> अलीगढ़ >>> फरीदाबाद >>> गुड़गांव >>> सोनीपत RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री

मंगलवार 30 सितंबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06 :13 बजे
सूर्यास्त सांय 18 : 09 बजे

www.khabariya.com
# एनसीआर टुडे
करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 ऐसे तो ट्रंप को नहीं मिलेगा नोबेल शांति पुरस्कार

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 16 अंक : 346 गाजियाबाद, मंगलवार 30 सितंबर 2025 मूल्य : ₹ 2 पेज : 06 विक्रमी संवत् 2081 युगाब्द 5126 शाक 1946







## मानवाधिकार आयोग ने तिरुचिरापल्ली में दो सफाई कर्मचारियों की मौत पर लिया संज्ञान

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में दो सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में नगर निगम आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोमवार को 22 सितंबर को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में जल निकासी पाइपलाइन में काम करते समय दम घुटने से दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान



लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार तिरुचिरापल्ली के तिरुवेरुम्बुर के मुथुनगर क्षेत्र में कार्मेल गार्डन के पास नवनिर्मित भूमिगत जल निकासी पाइपलाइन पर काम करते समय 22 सितंबर को दो सफाई कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक तिरुचि निगम के काम के लिए एक निर्माण कंपनी द्वारा उनको नियुक्त किया गया था।

आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बताते हुए नगर निगम आयुक्त और पुलिस अधीक्षक, तिरुचिरापल्ली को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें जांच की स्थिति और मृतक कर्मचारियों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण शामिल होना चाहिए। आयोग के मुताबिक, यह स्पष्ट नहीं है कि पीड़ित कर्मचारियों को काम के दौरान उचित सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए थे या नहीं। आयोग ने कहा कि रिपोर्ट की सामग्री सत्य पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### केन्या के नेवी कमांडर ने नौसेना प्रमुख और सेनाध्यक्ष से की मुलाकात

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** 29 सितंबर (वेब वार्ता)। केन्या के नौसेना प्रमुख मेजर जनरल पॉल ओवुओर ओटेनियो ने सोमवार को नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख व भारतीय थल सेनाध्यक्ष से अलग-अलग मुलाकात की है। 29 सितंबर को नई दिल्ली में मेजर जनरल ओटेनियो का स्वागत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने साउथ ब्लॉक लॉन में किया।

### राष्ट्रपति ने दुर्गा पूजा की दी शुभकामनाएं

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर, मैं देश और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। मां दुर्गा का नौ रूपों में पूजन न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का मार्ग है, बल्कि यह हमें सत्य, न्याय और करुणा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व समानता, सहिष्णुता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस शुभ अवसर पर हम महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके उचित स्थान को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लें। मैं माँ दुर्गा से प्रार्थना करती हूं कि वे सभी को सद्बुद्धि और साहस प्रदान करें तथा सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि का संचार हो।

### प्रधानमंत्री मोदी का ट्वीट तीन करोड़ से अधिक लोगों ने देखा

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत की जीत को लेकर किये गये ट्वीट को एक लाख सात हजार से अधिक लोगों ने रीट्वीट किया है और उनके ट्वीट को 3.07 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है। श्री मोदी के ट्वीट के कमेंट बॉक्स में 25 हजार से अधिक लोगों ने उत्साह भरी प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि श्री मोदी ने भारत-पाकिश्तान एशिया कप 2025 के फाइनल मैच में भारत की जीत पर एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी थी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट में लिखा,"खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर हुआ संपन्न। परिणाम वही रहा, भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को बधाई।"

### राहुल गांधी कोलंबिया पहुंचे

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर गये लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचे। कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हवाई अड्डे पर श्री गांधी के स्वागत का एक वीडियो साझा करते हुए यह जानकारी दी। पार्टी ने आगे कहा 'श्री गांधी कोलंबिया के बोगोटा पहुंचे। वह दक्षिण अमेरिका के दौरे पर हैं, जहां उनका चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है।'

# 'आई लव मोहम्मद' को लेकर महाराष्ट्र में तनाव

**पुलिस ने भांजी लाठियां, हिरासत में 30 लोग**

**मुंबई (एजेंसी)।** अहिल्यानगर में 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद कम से कम 30 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, किसी ने नवरात्रि के दौरान मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक रंगोली बनाई थी। इसके बाद समुदाय के लोग शिकायत करने पुलिस स्टेशन पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एक एफआईआर दर्ज की गई और उस रंगोली को




बनाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, लेकिन समूह अभी भी नहीं माना और उन्होंने तोफखाना पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत कोटला में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अहिल्यानगर पुलिस ने बताया कि करीब आधे घंटे बाद जब पुलिस ने उन्हें अपना विरोध प्रदर्शन खत्म करने के लिए मनाने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसमें कुछ वाहनों को नुकसान हुआ है। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

● **डीएसपी ने की शांति बनाए रखने की अपील**– इस घटना के बाद विधायक संग्राम जगताप ने शहर में लगे कुछ होर्डिंग्स हटाने की मांग को लेकर थाने में धरना शुरू कर दिया है। शहर में फैली तरह-तरह की अफवाहों के चलते बाजार की दुकानें बंद रहीं। शहर के डीएसपी दिलीप टिपरसे ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### बिहार तक पहुंची 'आई लव मोहम्मद' की आग, घरों में विवादित पोस्टर चिपकाने पर बवाल; एक गिरफ्तार

वैशाली के जढुआ में आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपकाने से तनाव फैल गया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पकड़ा जिसके बाद भीड़ ने मारपीट की। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया और स्थिति को नियंत्रण में किया। पोस्टर में भड़काऊ बातें लिखी थीं जिससे लोगों में आक्रोश है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जढुआ स्थित मिल्की मोहल्ला में एक विशेष समुदाय के युवक के द्वारा आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपकाते स्थानीय लोगों की मदद से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। पोस्टर लगाने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पकड़े गए युवक के साथ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं मोहल्ले में तनाव का माहौल है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार, नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार, गंगा ब्रिज थाना सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

## एशिया कप जीतने के बाद पीएम मोदी बोले- खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर

● सूर्या का जवाब- पीएम फ्रंट फुट पर खेलते हैं ● पीसीबी चीफ से टीम इंडिया ने ट्रॉफी नहीं ली

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दुबई में रविवार को एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा कर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी। सूर्या ने कहा- अच्छा लगता है जब देश का लीडर



फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मीडिया से कहा- अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे।

**पाकिस्तानी बोर्ड चीफ भारतीय टीम की ट्रॉफी अपने साथ ले गए**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इनकार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉर्ड्स नहीं लेगी।

● **मोदी के ऑपरेशन सिंदूर वाले बयान पर पाक रक्षामंत्री नाराज** – पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीएम मोदी पर अपनी राजनीति बचाने के लिए बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया। इसके जवाब में आसिफ ने कहा पाकिस्तान- भारत के बीच 6-0 का युद्ध स्कोर हमेशा के लिए दर्ज हो चुका है।

### गुरुग्राम में वाइफ का मर्डर कर पति ने किया सुसाइड

● दोनों आईटी कंपनी में इंजीनियर थे

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम में देर शाम झगड़े के बाद हसबैंड ने अपनी वाइफ की पहले चुन्नी से गला घोंट कर हत्या कर दी। इसके बाद



अजय कुमार पति
स्वीटी शर्मा पत्नी

खुद भी सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से पहले युवक ने अपने दोस्त को एक वीडियो भी भेजा था। वीडियो देखकर दोस्त ने तुरंत घटना की सूचना सेक्टर-10 पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को फ्लैट के अंदर दोनों के शव मिले।

## तौकीर रजा के मार्केट पर चलेगा बुलडोजर

● 37 दुकानें खाली कराईं, पुलिस को हाथ काटने की धमकी देने वाला वसूलता था किराया

**बरेली (एजेंसी)।** बरेली बवाल में मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी के बाद अब उसके मार्केट पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। नॉवेल्टी चौराहे पर स्थित इस दो मंजिला मार्केट में 37 दुकानें हैं। बुलडोजर चलाने के लिए मार्केट की दुकानों को खाली करा लिया गया है। इसकी देख-रेख मौलाना तौकीर रजा की पार्टी आईएससी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस करते हैं। नफीस ने बवाल से पहले पुलिस के हाथ काटने




और वर्दी उतरवाने की धमकी दी थी। अधिकारियों के मुताबिक, मार्केट को नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया है। वहीं, बरेली में अब 30 सितंबर आज तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

**अब तक 34 गिरफ्तार, 26 संदिग्धों से पूछताछ**– बरेली पुलिस ने अब तक मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी को जेल भेजा जा चुका है।

# स्कूल-कॉलेज में होगी आयुर्वेद की पढ़ाई

● एनसीईआरटी-यूजीसी तैयार कर रहे नया सिलेबस, मंत्री ने दी बड़ी जानकारी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार अब स्कूल-कॉलेज में प्राचीन आयुर्वेद को शामिल करने की तैयारी कर रही है। एनसीईआरटी और यूजीसी ने स्कूल और हायर एजुकेशन में इसे जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। नए सिलबस पर काम किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने दी है।

आयुष मंत्रलाय के ऑफिशियल एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट के माध्यम से स्कूल-कॉलेज में आयुर्वेद की पढ़ाई शुरू करने की जानकारी दी गई है। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंत्रालय की पोस्ट को री-ट्वीट किया है। उनका कहना है कि स्कूली और हायर एजुकेशन में आयुर्वेद को शामिल करने का उद्देश्य नई पीढ़ी को समग्र स्वास्थ्य की भारतीय परंपरा से जोड़ना है।



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नए सिलेबस तैयार करने पर काम कर रहे हैं।

**आयुर्वेद के नए करिकुलम मॉड्यूल काम शुरू**– मंत्री ने कहा कि गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने स्कूली शिक्षा में भारतीय नॉलेज सिस्टम को पहले ही स्कूली शिक्षा में शामिल कर लिया है। उन्होंने मीडिया को बताया, स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए करिकुलम मॉड्यूल तैयार करने के लिए एनसीईआरटी और यूजीसी के साथ चर्चा चल रही है।

**अगले साल से लागू हो सकता है नया सिलेबस**– आयुर्वेद करिकुलम की तैयारी शुरू हो गई है। हो सकता है कि अगले एकेडमिशन सेशन में आयुर्वेद का नया सिलेबस तैयार कर लिया जाए और करिकुलम में शामिल हो जाए। स्कूल और कॉलेज की बुक्स में आयुर्वेद का पाठ जोड़ा जा सकता है। हालांकि यह काम कब तक पूरा होगा, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टी होनी बाकी है।

## मप्र में गरबा खेलते-खेलते हार्ट अटैक से मौत

**ओ मेरे ढोलना... गाने पर पति के साथ डांस कर रही थी; झांकी के सामने गिरी**



**भोपाल/खरगोन (एजेंसी)।** खरगोन में दुर्गा पंडाल में गरबा कर रही एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ ओ मेरे ढोलना गाने पर डांस कर रही थी, तभी झांकी के सामने गिरी और दम तोड़ दिया। घटना खरगोन जिले के भीकनगांव क्षेत्र के ग्राम पलासी की रविवार रात की है। इसका वीडियो सोमवार सुबह सामने आया।

जानकारी के अनुसार, सोनम (19) अपने पति कृष्णपाल के साथ सिंगाजी मंदिर पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने गरबा कर रही थी। नाचते हुए अचानक वह जमीन पर गिर पड़ी। लोगों ने तुरंत उसे उठाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

**गाने के बीच सोनम जमीन पर गिर पड़ी**

बताया जा रहा है कि सोनम की शादी इसी वर्ष मई में कृष्णपाल से हुई थी। सोनम अपने पति कृष्णपाल के साथ गरबा में शामिल हुई थी। दोनों पति-पत्नी साथ में नाच रहे थे। गीत के बोल... कसम लूं मैं रब की, कसम ले तू रब की...कभी एक दूजे का ना दामन छोड़ना ओ मेरे ढोलना... गूंज रहे थे, तभी सोनम जमीन पर गिर पड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में पुलिस बनकर आए, जांच के नाम पर लूट लिए एक करोड़; असली ने धरा तो खुला गया राज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु पुलिस ने एक सनसनीखेज लूट की घटना में तेज कार्रवाई करते हुए आठ लुटेरो को धर दबोचा है। इनके कब्जे से लूटे गए 1.1 करोड़ रुपये भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, राजस्थान निवासी मोतराम (45) और उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी शनिवार शाम को कार से हुलिमावू इलाके में पहुंचे थे। वे यहां टुमकुरु के सुपारी कारोबारी हेमंत को पैसे देने आए थे। तभी दो संदिग्ध व्यक्ति उनके पास आ धमके और खुद को पुलिसकर्मी बताकर पूछताछ शुरू कर दी। आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें जांच के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग करनी है। एक ने कार, हेमंत, दंपती और पैसे के थैलों का वीडियो बना लिया। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो लुटेरों ने हेमंत और महिला पर हमला बोल दिया तथा नकदी के बैग छीनने की कोशिश की। डरकर दंपति ने कार लॉक कर ली और मौके से भाग निकले, लेकिन दोनों आरोपी बाइक पर उनका पीछा करते हुए उन्हें रोक लिया। इस दौरान उन्होंने जानबूझकर कार के पिछले हिस्से से ठोकर भी मारी। घबराहट में मोतराम ने यू-टर्न लिया और एक सुनसान प्लॉट के पास वाहन खड़ी कर दिया। फिर दोनों बदमाशों ने हेमंत और मोतराम को जबरन कार से घसीटकर बाहर निकाल लिया, जबकि लक्ष्मी देवी पैसे के थैलों को सीने से लगाए कार में ही छिपी रहीं। इसी बीच एक ने दोबारा हेमंत पर प्रहार किया। तभी वहां तीन-चार और साथी आ गए। लुटेरों ने हेमंत और राजस्थानी दंपती को जबरन खाली प्लॉट पर बने एक शेड में घसीट लिया। उन्होंने पीड़ितों के मोबाइल फोन छीन लिए और धमकी दी कि 10 लाख रुपये न दिए तो नहीं छोड़ेंगे। इनकार पर बदमाशों ने करीब दो घंटे तक सभी को बंधक बनाए रखा। आखिरकार गैंग ने 1.01 करोड़ रुपये लूट लिए, साथ ही उनकी कारें और फोन भी ले लिए। वहीं, वारदात की सूचना मिलते ही हेमंत और दंपति ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्ती से छापेमारी की और आठों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। लूटी गई नकदी के अलावा कारें-बाइकें भी बरामद हो गईं।

### आई लव मोहम्मद स्लोगन से जीतनराम मांझी को आपत्ति, बोले- धर्म के पर प्रचार पर रोक नहीं लेकिन...



**गया, एजेंसी।** आई लव मोहम्मद स्लोगन पर मचे सियासी बवाल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार के एमएसएमई मंत्री और पूर्व बिहार सीएम जीतनराम मांझी का बड़ा बयान आया है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक मांझी ने इस पर आपत्ति जताई है। यूपी से शुरू इस विवाद पर बिहार में भी फसाद की स्थिति बन गई है। पूर्व सीएम ने इस पर रोक लगाने की अपील की है। आई लव मोहम्मद के बाद बिहार में आई लव शक्ति के पोस्टर लगाए गए। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। रविवार शाम गयाजी में मांझी ने का कि आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए हैं उनसे सांप्रदायिकता की बू आती है। संविधान सबको अपने धर्म का प्रचार करने की इजाजत देता है। लेकिन, अगर इससे समाज या देश का नुकसान होने लगे तो गलत हो जाता है। अपनी बात कहते मांजी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि भगवान के पास पहुंचने के लिए अनेक रास्ते हैं। चाहे मोहम्मद हों, श्रीराम हों, श्रीकृष्ण हों या जो हों। लेकिन जहां सांप्रदायिकता की बू आती और उसके लिए किसी का नाम लिया जाता है तो सही नहीं है। आई लव मोम्मद की बात से कहीं न कहीं सांप्रदायिकता की बू आई है। इसके चलते विरोध हुआ है। आई लव मोहम्मद प्रकरण पर अररिया में भारी बवाल हुआ तो राजनीति भी उबल रही है। बीजेपी इसके विरोध में है तो ओवैसी की पार्टी समर्थन में है। किशनगंज में ओवैसी ने कहा कि इसमें गलत क्या है। मोहब्बत का विरोध किया जा रहा है तो मुगल-ए-आजम की तरह मोहब्बत जिंदाबाद का नारा बुलंद किया जाएगा।

## चीन-यूएस ने कर लिया कंट्रोल

# तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



देश में बीते 33 सालों में कैंसर के मरीजों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक नए अध्ययन के मुताबिक 1990 से लेकर 2023 तक कैंसर के मरीजों मे 26 फीसदी का इजाफा देखा गया। 1990 में एक लाख की आबादी पर 84 कैंसर के पेशेंट थे जो कि 2023 में बढ़कर 107 हो गए। लैंसेट में पब्लिश अध्ययन के मुताबिक इलाज के ज्यादा साधन होने के बावजूद कैंसर से होने वाली मौतें भी 21 फीसदी बढ़ गई हैं।

इन 33 सालों के दौरान अमेरिका और चीन में कैंसर और उससे होने वाली मौतों में अच्छी खासी कमी देखी गई है। इसके पीछे वजह तंबाकू उत्पादों पर कड़ाई से रोक, वैक्सिनेशन और संगठित तरीके से स्क्रीनिंग हैष एम्स दिल्ली में रेडिएशन-ऑन्कोलजिस्ट के मुताबिक भारत में तंबाकू का धड़ल्ले से इस्तेमाल, मोटापे और इन्फेक्शन की वजह से केस बढ़ रहे हैं। इसके अलावा कैंसर की शुरुआत में ही पहचान नहीं हो पाती है।

उन्होंने कहा कि एचपीवी और हेपेटाइटिस-बी वैक्सिनेशन, मैमोग्राफी, फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग, कोलोन्सकोपी स्क्रीनिंग और समय पर इलाज से कैंसर के रिस्क को कम किया जा सकता है। ऐसे में भारत में भी एक नीति बनाकर कैंसर के खिलाफ लड़ाई करनी जरुरी है।

इस स्टडी की मुख्य लेखिका वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी की डॉ. लिजा फोर्स ने कहा, कैंसर की वजह से पूरी दुनिया की चिकित्सा व्यवस्था पर भारी बोझ है। उन्होंने कहा कि कैंसर से लड़ाई के लिए तुरंत एक्शन प्लान तैयार करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैंसर को हराने के लिए अभियान जरूरी हो गया है। इसके लिए अतिरिक्त फंडिंग की भी जरूरत है।

इस अध्ययन के मुताबिक चीन में इन 33 सालों के दौरान कैंसर केसों में चीन में 19 फीसदी और अमेरिका में 20 फीसदी की कमी आई है। वहीं कैंसर से मरने वाले चीन में 43 फीसदी तो अमेरिका में 33 फीसदी कम हो गए हैं। दुनियाभर में कैंसर के पीछे सबसे बड़ा कारण तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल को बताया गया है। इसके अलावा गरीब देशों में असुरक्षित यौन संबंधों से भी कैंसर का खतरा बढ़ रहा है।

संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने से इसका इस्तेमाल भी कम हो सकता है। वहीं भारत में कैंसर का पता लोगों को बहुत देर में चलता है। संसदीय समिति ने कहा कि कैंसर की स्क्रीनिंग को जन आंदोलन की तरह आगे बढ़ाना चाहिए।

### बारिश से प्रभावित इलाकों में तत्काल राहत और पुनर्वास उपाय शुरू करे

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को महाराष्ट्र सरकार से राज्य के कई हिस्सों में मूसलधार बारिश से हुई तबाही का हवाला देते हुए व्यापक राहत और पुनर्वास उपायों को तत्काल लागू करने का आग्रह किया।

पवार ने एक बयान में कहा कि 'पंचनामा' (क्षति आकलन) प्रक्रिया को कठोर समय-सीमाओं तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय पर आकलन पूरा करना अक्सर ऐसी अभूतपूर्व आपदाओं के दौरान असंभव होता है। उन्होंने कहा, बाद में स्पष्ट होने वाले नुकसान - जैसे कि संरचनात्मक क्षति के कारण मकानों का ढह जाना या बाढ़ का पानी उतरने के बाद फसलों और पशुओं का प्रभावित होना - के लिए भी मुआवजे पर विचार किया जाना चाहिए।

राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण कई जिलों में स्थिति विकट बनी हुई है। हजारों लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि तत्काल वित्तीय सहायता के अलावा सरकार को दीर्घकालिक पुनरुद्धार और पुनर्वास योजना तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस योजना में फसलों की पुनः बुवाई, बागों का जीर्णोद्धार, बंजर हो चुकी भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने और सिंचाई के बुनियादी ढांचे जैसे बांध, नहरें, कुएं और पम्पिंग प्रणालियों की मरम्मत के लिए विशेष सहायता शामिल होनी चाहिए।

## हत्या के बाद मक्के के खेतों में छिपा



**भीलवाड़ा, एजेंसी।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के पारोली थाना क्षेत्र के बागड़ा गांव में रविवार सुबह दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। गांव के ही 28 वर्षीय युवक लाला राम माली ने अपनी ही दादी एजी देवी (60) की चिमटे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या इतनी बेरहमी से की गई कि परिजन उन्हें खून से लथपथ हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा के अनुसार, आरोपी लाला राम गांव में बने धार्मिक स्थान पर भोपा के रूप में पूजा-अर्चना करता था। रविवार सुबह भी वह सेवा पूजा कर रहा था। लगभग 8:30 बजे पूजा स्थल से सीधे घर लौटा और साथ में पूजा में इस्तेमाल होने वाला बड़ा लोहे का चिमटा लेकर आया। इसी चिमटे से उसने अपनी दादी पर कई वार किए। मृतका का बेटा कान्हा माली ने बताया कि उसकी मां उस समय चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी लाला राम अचानक घर में घुसा और चिमटे से सिर पर वार करने लगा। कान्हा ने रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी लगातार हमला करता रहा। एजी देवी गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ीं। खून से लथपथ हालत में उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और गांव के पास मक्के के खेतों में जाकर छुप गया। सूचना पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की और चार घंटे की तलाश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात में इस्तेमाल चिमटा बरामद कर लिया है। फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लाला राम भोपा के रूप में पूजा-पाठ करता था और गांव वालों के बीच उसकी मानसिक स्थिति को लेकर कई तरह की चर्चाएं थीं।

### यूपी में निवेश कर उद्योग लगाएंगी रूस की कंपनिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रूस की कंपनियां उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाएंगी। योगी सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से रविवार को मुलाकात कर मास्को सरकार के निवेश और उद्योग नीति विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष अनातोली मिखाइलीविच की ओर से वहां आने आमंत्रण पत्र सौंपा गया। मास्को की कंपनियों के लिए योग्य भारतीय कर्मियों की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को मास्को का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। औद्योगिक विकास मंत्री ने देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक मास्को सरकार के प्रतिनिधियों का उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए हर संभव सहयोग का वादा किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल निवेश और उद्योग नीति विभाग रूस (मास्को) की प्रतिनिधि इरीना पिंगोरिना एवं टेक्नोपोलिस मास्को के अधिकारिक भारतीय प्रतिनिधि अमरदीप सिंह शामिल रहे। बातचीत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रूस की सरकार भारत के मेक इन इंडिया अभियान से काफी प्रभावित है।

## विजय की गलती नहीं; तमिलनाडु भगदड़ पर बोले भाजपा नेता अन्नामलाई



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में हुई भगदड़ में अभी तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन रात में ही अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। अगले कुछ महीनों में होने वाले चुनावों की वजह से यह घटना अब राजनीति का केंद्र बनती हुई दिखाई दे रही है। भाजपा नेता अन्नामलाई ने रैली में मौजूद पुलिस बल पर भी सवाल उठाया।

अन्नामलाई ने कहा, विजय की गलती नहीं है कहा कि यह राजनैतिक पार्टी का नहीं बल्कि खुफिया विभाग और पुलिस का काम होता कि वह पर्याप्त बल तैनात करें। वह भीड़ का अनुमान लगाएं। पुलिस ने उन्हें 7 घंटे की अनुमति क्यों दी? दो घंटे के लिए अनुमति देते। इतना ही नहीं सीबीआई जांच की मांग करते हुए अन्नामलाई ने कहा, हम सब सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री ने एक सदस्यीय पूर्व न्यायाधीश का जांच आयोग चाहते हैं। उन्होंने अपने आप ही न्यायाधीश का चयन भी कर लिया है। आखिर यह जांच निष्पक्ष कैसे हो सकती है?

इससे पहले अन्नामलाई ने सोशल मीडिया के जरिए डीएमके सरकार से लोगों की मदद करने की अपील की थी। उन्होंने कहा, करूर में टीवीके नेता विजय की एक सभा में भगदड़ मचने से बच्चों समेत लगभग चालीस लोगों की मौत की खबर बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। कई अन्य घायल हुए हैं और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मैं तमिलनाडु सरकार से आग्रह करता हूं कि वह सभी का उचित इलाज सुनिश्चित करें।

अन्नामलाई से पहले डीएमके ने भी विजय की रैली में सुरक्षा व्यवस्था की कमी का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ डीएमके ने इस घटना को लेकर कहा कि इस पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए, जो भी सच्चाई है वह जांच में सामने आ जाएगी। हालांकि टीवीके ने राज्य सरकार द्वारा बनाई गई एक सदस्यी जांच समिति के प्रति अपना भरोसा नहीं जताया है, उन्होंने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की है।

## सोनम वांगचुक पर पाकिस्तानी लिंक के आरोप पर भड़कीं पत्नी

**लेह, एजेंसी।**

लद्दाख में हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराए गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे आंगमो ने उनपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि सरकार पिछले चार साल से उनपर नजर बनाए हुए थी। पाकिस्तानी लिंक के आरोपों पर उन्होंने कहा कि सोनम वैज्ञानिक के तौर पर एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। चीन या पाकिस्तान जाने वाला हर शख्स आतंकी नहीं हो जाता है। गीतांजलि जे आंगमो भी एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। बीते दिनों लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए सोनम वांगचुक भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनकी सेहत बिगड़ी तो युवा सड़कों पर उतर आए और यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस के साथ झड़प में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया। इसके बाद वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया है।



गीतांजलि ने कहा कि उनकी किसी अधिकारी ने नहीं सुनी और उन्हें लेकर चले गए। वांगचुक पर नेशनल सिक्योरिटी ऐक्ट लगाया गया है इसलिए उन्हें जल्द जमानत मिलने की भी संभावना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि सरकार तो चार साल पहले ही वांगचुक के पीछे पड़ गई थी, जब उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी सूची की बात शुरू की थी। उन्होंने बताया कि चार साल पहले ही इंटेलिजेंस ब्यूरो का एक अधिकारी आया था और उसने धमकाते हुए कहा था कि उन्हें एनजीओ हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लद्दाख को मिल रही कथित विदेशी फंडिंग की जानकारी देनी होगी। बता दें कि वांगचुक दो एनजीओ चलाते हैं। दूसरा एनजीओ लद्दाख के पिछड़े इलाकों में शिक्षा के लिए काम करता है। इसका नाम स्टूडेंट्स एजुकेशनल ऐंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) है। एसईसीएमओएल के पास पहले से ही विदेशी फंडिंग का लाइसेंस था। हालांकि अब सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया है। वांगचुक की पत्नी ने कहा, पिछले चुनाव में उन्होंने खुद भी बीजेपी को ही वोट दिया था। हमें उम्मीद थीं कि वह हमारी मांग पूरी करेंगे और इसलिए सबने बीजेपी को वोट किया था। बिना विधानसभा या फिर छठी सूची के कोई भी केंद्र शासित प्रदेश सुरक्षित नहीं रहता है।

### यूपी में कानूनगो 30 करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला

**कानपुर, एजेंसी।** यूपी के कानपुर में विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त और अभिलेखों की हेराफेरी में फंसा कानूनगो आलोक दुबे 30 करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला। सहायक महानिरीक्षक निबंधन के इस खुलासे के बाद डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने उसे डिमोट कर लेखपाल बना दिया है। साथ ही उसकी सेवा पुस्तिका में परिनिन्दा प्रविष्टि दर्ज करने का आदेश दिया है। ग्राम कला का पुरवा रामपुर भीमसेन निवासी शिकायतकर्ता संदीप सिंह ने 2 दिसंबर 2024 को डीएम से शिकायत की थी। कहा- सिंहपुर कठार की गाटा 207 व रामपुर भीमसेन की गाटा 895 का वाद कोर्ट में चल रहा है। विक्रेता का नाम खतौनी में दर्ज न होने के बावजूद कानूनगो ने 11 मार्च 2024 को वरासत दर्ज कर उसी दिन बैनामा भी करा लिया। फिर 19 अक्टूबर 2024 को गाटा 207 को एक निजी कंपनी आरएनजी इंफ्रा को बेच दिया। समिति ने इसे पद का दुरुपयोग, मिलीभगत और हित-संघर्ष की श्रेणी में माना। 17 फरवरी 2025 को कानूनगो को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की थी।

## नूंह-पलवल को जोड़ने वाली 32 किमी लंबा कनेक्टिंग रोड नए सिरे से बनेगा




**फरीदाबाद/पलवल, एजेंसी।**
खस्ताहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे हरियाणा के नूंह और पलवल वासियों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दो जिलों को जोड़ने वाली करीब 32 किलोमीटर लंबी सड़क को नए सिरे से बनाने की तैयारी की गई है। इसे लेकर विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना पर अगले माह से काम शुरू कर दिया जाएगा।

नूंह और पलवल को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग कई सालों से जर्जर हालत में है। इस सड़क से रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते हैं। बारिश से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं स्थानीय लोगों से लेकर व्यापारियों और छात्रों तक सभी लंबे समय से सड़क को नए सिरे से बनाने की मांग कर रहे हैं। लोगों की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क को बनाने की तैयारी की है। पलवल नूंह रोड का जगह जगह गड्ढे होने के कारण रात में सफर लोगों का मुश्किल हो गया है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। गड्ढों की वजह आए दिन दोपहिया चालक चोटिल होते रहते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। नई सड़क बनने लोगों की राह आसान होगी, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी खत्म होगी। इससे हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। पीडब्ल्यूडी, सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसे अगले तीन महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि मौसम ने सहयोग किया तो सड़क तय समय से पहले ही बनकर तैयार हो जाएगी।

### 3 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस सड़क के निर्माण पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आधुनिक तकनीक से सड़क को मजबूत और टिकाऊ बनाया जाएगा, जिससे आने वाले वर्षों तक यह सुगम यातायात सुनिश्चित कर सके। विभाग ने यह भी आश्वासन दिया है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क बनने के बाद नूंह और पलवल के बीच आवागमन काफी आसान हो जाएगा। न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। आसपास के गांवों में रहने वाले लोग फरीदाबाद और गुरुग्राम की ओर तेजी से आवाजाही कर सकेंगे। किसानों को भी अपनी उपज को मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी।

## दिव्यांगों के लिए कार्यालय में बनाई गई बेंच, खुद झेल रही है दिव्यांगता का दर्द बेंच पर बैठने के प्रयास में दिव्यांग बनी बेंच का शिकार

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। विकास भवन स्थित दिव्यांग कार्यालय में दिव्यांगों के लिए लगाई गई विशेष बैंच विवादों में आ गई है। जानकारी के मुताबिक, यहां दिव्यांगों के बैठने के लिए बनाई गई बैंच झूले जैसी हिलने लगी। इसी दौरान एक दिव्यांग महिला उस बैंच से फिसलकर गिर गई, जिससे वहा हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिव्यांगों की सुविधा के लिए लगाई गई बैंच मज़बूत न होकर हिलने-डुलने लगी है।, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, दिव्यांगजनों ने भी नाराज़गी जताई है और कहा है कि प्रशासन को इस तरह की लापरवाही नहीं करनी चाहिए। बताते चलें कि विकास भवन परिसर भी भ्रष्टाचार की खुशबू से अछूता नहीं है। मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई है। अब सवाल यह उठ रहा है कि दिव्यांगों की सुविधा के लिए लगाई गई व्यवस्थाएं ही उनके लिए मुसीबत न बन जाएं। यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है और दिव्यांगजनों ने इसकी जांच कराकर बैंच को सही तरीके से ठीक कराने की मांग की है।

## कोर्ट ने 6 वर्ष बाद सुनाई 12 साल का कारावास, 15 हजार जुर्माने की सज़ा

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷। क्षेत्र के ग्राम पावटी निवासी कपिल पुत्र रोहिताश को 12 साल का कारावास 15000 रुपए का जुर्माना हुआ। मिली जानकारी के अनुसार जिला अमरोहा के थाना बछराऊं क्षेत्र के एक गांव में 28 सितंबर 2019 की छह साल पुरानी घटना बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। 28 सितंबर 2019 की सुबह में किसान की 14 वर्षीय बेटी को बिजनौर जिले के हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी का रहने वाला कपिल पुत्र रोहिताश बहला-फुसलाकर ले गया था। उसने किशोरी को कई दिन तक अपने घर में बंधक बनाकर रखा था। मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने कपिल पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। एक अक्तूबर 2019 को पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी द्वारा कोर्ट में दिए गए बयान व उम्र कम होने एवं मेडिकल के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं मे मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में पुलिस ने कपिल का चालान कर दिया था। कपिल इस मुकदमे में कपिल जमानत पर था। सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की कोर्टमें चल रही थी जिसमें कपिल को दोषी मानते हुए कोर्ट ने 12 वर्ष की कारावास की सजा तथा पन्द्रह हजार रुपए का जुर्माना की सज़ा सुनाई है।

## सीएम की फोटो से छेड़छाड़ कर इंस्टाग्राम पर किया पोस्ट, गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। शहर कोतवाली पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो से छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रविवार को हुई। आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसका मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पूरा मामला बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के पेदा गांव का है। पुलिस के अनुसार, पेदा निवासी शारिक पुत्र फुरकान ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम आईडी से मुख्यमंत्री की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक तरीके से पोस्ट किया था। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद थाना कोतवाली शहर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी शारिक की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी/आईपीएस गौतम राय ने बताया कि आरोपी शारिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दूध टैंकर की टक्कर से पति गंभीर घायल

✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷। थाना हल्दौर क्षेत्र में झालू मार्ग पर रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बिलाई चीनी मिल के पास दूध के टैंकर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।मृतक महिला की पहचान नगीना थाना क्षेत्र के जमालपुर बांगर निवासी अनीता (40) के रूप में हुई है। वह अपने पति धर्मेंद्र के साथ बिजनौर से अपने गांव लौट रही थीं। हादसे में अनीता के पति धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल धर्मेंद्र को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अनीता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई है और उनके पति घायल है। उन्होंने पुष्टि की कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अनीता की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। जिनमें एक बेटा प्रिंस और एक बेटी प्रिंसी शामिल है। उनके पति धर्मेंद्र पेशी से डॉक्टर है और गांव में एक क्लीनिक चलाते हैं।

## BSF जवान हिमांशु कुमार के गांव पहुंचे सांसद चंदन चौहान, परिवार को सांत्वना दी, पश्चिम बंगाल में हुआ था निधन

✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷। चांदपुर क्षेत्र के शादीपुर मिलक गांव में रविवार शाम बिजनौर के सांसद चंदन चौहान, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान हिमांशु कुमार के परिजनों से मिलने पहुंचे। सांसद ने 24 वर्षीय दिवंगत जवान के परिवार को सांत्वना दी और शोक व्यक्त किया। हिमांशु कुमार पश्चिम बंगाल में बीएसएफ में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान करंट लगने से उनका निधन हो गया था। उनके आकस्मिक निधन से पूरे गांव और क्षेत्र में शोक की लहर है। सांसद चंदन चौहान ने हिमांशु कुमार के पिता और अन्य परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जो देश की रक्षा करने के लिए जाते हैं, वे हम सबके होते हैं। उन्होंने कहा, वह हम सबके परिवार का सदस्य था। सांसद ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और शोकाकुल परिवार को इस कठिन घडी में धैर्य व शक्ति प्रदान हो।

### युवती से शादी का झांसा देकर यौन शोषण

# आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोपी गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷



नगीना में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती से शादी का झांसा देकर गलत काम करने और उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाने का आरोप है। यह गिरफ्तारी महिला की शिकायत के आधार पर हुई है।

यह मामला बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र का है। 26 सितंबर 2025 को एक महिला ने नगीना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

महिला ने बताया कि मोहम्मद आरिफ नामक व्यक्ति ने उसकी बेटी को शादी का झांसा दिया, उसके साथ गलत काम किया और उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बनाई। शिकायत में कादिर नामक एक अन्य व्यक्ति पर भी मोहम्मद आरिफ का सहयोग करने का आरोप है।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। नगीना थाने में मुकदमा अपराध संख्या 187/25 दर्ज किया गया, जिसमें धारा 61 (2)(ए)/69/351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 लगाई गई हैं। उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, कांस्टेबल प्रेमचंद और अमित कुमार की टीम ने इस मामले से संबंधित अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल फारूक को गिरफ्तार कर लिया है। अब्दुल कादिर नगीना के मोहल्ला खुर्रम अली सराय का निवासी है। आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही जारी है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे से बाहर रखने पर शिवसेना जिला प्रमुख ने बताया अपमान

✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷

चांदपुर स्थित शिवसेना के क्षेत्रीय कार्यालय बागड़पुर में शिवसेना (शिंदे गुट) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र उर्फ सोनू ने की, जबकि सोवीत गुर्जर ने इसका संचालन किया। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे से बिजनौर को बाहर रखने पर विरोध जताया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मां गंगा का प्रथम प्रवेश द्वार बिजनौर है। इसके बावजूद बिजनौर को गंगा एक्सप्रेस -वे से वंचित रखना यहां के निवासियों का अपमान है। शिवसेना इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है।

चौधरी वीर सिंह ने बताया कि शिवसेना जल्द ही एक रणनीति बनाकर गंगा एक्सप्रेस-वे में बिजनौर को शामिल करने के लिए संघर्ष करेगी। इस मांग को लेकर जनपद बिजनौर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में जनपद के सभी साधु-संतों, अधिवक्ताओं, पत्रकार बंधुओ और विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों को शामिल किया जाएगा। बैठक में सूबे गुर्जर, सूरज सिंह, पुलकित शर्मा, वाहिद, सुभाष शर्मा, आशीष कुमार, हेमराज, रवी,मुकुल और वेदपाल सिंह सहित कई शिव सैनिक उपस्थित थे।

# बिजनौर की तीन खिलाड़ियों ने जीते तीरंदाजी में पदक

## चंदौली में हुई एसजीएफआई प्रतियोगिता

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷



प्रतिकात्मक चित्र

कोतवाली देहात क्षेत्र की तीन तीरंदाज खिलाड़ियों ने चंदौली में आयोजित एसजीएफआई तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 24 से 26 सितंबर तक चंदौली में हुई थी, जिसमें इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



प्रतिकात्मक चित्र

शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक हासिल किए। उन्होंने कंपाउंड वर्ग की अंडर-17 श्रेणी में 344 और 343 का स्कोर किया। निष्ठा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन रांची में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हो गया है।

इसी तरह शादीपुर गांव की इशिका मौर्य ने रिकर्व कैटेगरी में खेलते हुए कांस्य पदट प्राप्त किया। इशिका का का चयन भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जहां वह उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

गुनियापुर निवासी शिवांगी डबास, पुत्री प्रबोध डबास, ने प्रतियोगिता में 193 अंक बनाए। उन्होंने 40 मीटर स्पर्धा की टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है की निष्ठा गुप्ता और इशिका मौर्य दोनों को रांची में होने वाली एसजीएफआई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में चुना गया है।

## नवागत एसपी सिटी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह व एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार को एमआर पाशा ने दी गुलदस्ता देकर बधाई



✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा ने सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिटी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिजनौर कार्यालय में पहुंचकर नवागत लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार को गुलदश्ता देकर बधाई दी।

लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बधाई देने के बाद एमआर पाशा की पीठ थपथपाई और कार्य की सराहना की।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार की कार्य करने की शैली की प्रशंसा की। जब से दोनों एसपी साहब जनपद में आए हैं जनपद की पुलिस में कार्य करने की शैली में बदलाव देखने को मिला है।

इसको देखते हुए दोनों एसपी साहब जनता के प्रति अच्छा व्यवहार व पीडितों की शिकायत को गंभीरता से लेकर निश्तारण कर रहे हैं। एमआर पाशा ने एसपी सिटी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार को दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। नवागत लोकप्रिय अपर पुलिस अधीक्षक डॉ कृष्ण गोपाल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने आश्वासन दिया है।

जल्द ही आपकी सभी समस्याओं का निश्तारण कराया जाएगा। और मैं अपने श्तर से बिजनौर के सभी जनपद के थाना प्रभारियों व पुलिस क्षेत्रीय अधिकारियों को अवगत कराऊंगा। मैं आपसे आशा करता हूं। कि किसी भी राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों का शोषण नहीं किया जाएगा। अगर कहीं भी शोषण किया जाता है तो संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हल्दौर में सड़क हादसा महिला की मौत

राजन होटल पर कार्रवाई को लेकर भाकियू सख़्त, मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल करेगा अधिकारियों से मुलाक़ात

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

नजीबाबाद शहर में चर्चाओं का केंद्र बने राजन होटल पर कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में गहरी नाराज़गी है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की नज़र के सामने होटल में गंदे धंधे चल रहे हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य है। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को (भाकियू) प्रधान का प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी और सीओ नजीबाबाद नितेश सिंह से मुलाक़ात करेगा और सख़्त जवाब मांगेगा।

भाकियू का आरोप है कि होटल में नाबालिगों तक को कमरे दिए जाते हैं और देर रात तक अवैध गतिविधियाँ होती हैं। फिर भी प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

संगठन का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत या किसी दबाव के कारण होटल अब तक सुरक्षित है। शहरवासियों ने भी नाराज़गी जताते हुए कहा कि "जब आम लोगों पर छोटी-छोटी बातों पर कार्रवाई होती है, तो ऐसे बड़े मामलों में प्रशासन खामोश क्यों है?" लोगों का मानना है कि यह चुप्पी सीधे-सीधे होटल संचालकों को संरक्षण देने का संकेत है।

भाकियू पदाधिकारी रामोद कुमार ने स्पष्ट कहा कि यदि मंगलवार को होने वाली बैठक के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यूनियन आंदोलन का राश्ता अपनाने में देर नहीं करेगी।

उन्होंने चेताया कि अब नजीबाबाद में इस तरह के होटल किसी भी हाल में नहीं चलने दिए जाएंगे।

# रामलीला में विवाद, लोडेड बंदूक लेकर व्यक्ति थाने पहुंचा

## पुलिस ने बंदूक जब्त की, दो पक्षों में हुई थी मारपीट

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷





गजरौला शिव गांव में रामलीला के दौरान दो पक्षों में विवाद और मारपीट हो गई। घटना के बाद एक व्यक्ति लोडेड बंदूक लेकर थाने पहुंचा, जिसे पुलिस ने जब्त कर अनलोड कर दिया।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र के गजरौला में हुई। यहां प्रोजेक्टर पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा था।

गांव के सजल ने आरोप लगाया कि रामलीला देखने के दौरान गांव के एक व्यक्ति ने उसके साथ गाली-गलौज की और धारदार हथियार से उसके सिर पर वार किया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया।

सजल के अनुसार, जब वह शिकायत दर्ज कराने थाने जा रहे थे। तो आरोपी पक्ष के लोग उनका पीछा करते हुए थाने तक पहुंच गए। थाने में पुलिसकर्मियों ने हश्तक्षेप किया और आरोपी के हाथ से बंदूक छीनकर उसे अनलोड किया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो में पुलिसकर्मी त्वरित कार्यवाई करते हुए एक व्यक्ति के हाथ से बंदूक छीनकर उसे अनलोड करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसके संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। एक व्यक्ति बंदूक लेकर थाने आया था। जिसकी बंदूक जब्त कर ली गई है। बंदूक के लाइसेंस के निरश्तीकरण की रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है। और अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे में हुई थी किशोर की मौत, दो गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷





इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों कार में शराब पी रहे थे।

किशोरों ने कार को ओवरटेक किया था और बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया है। किशोर के परिजनों ने उसके दोश्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया था।

सीओ इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवाश्तव ने बताया कि कार चालक अंकित निवासी शाहदरा और उसके साथी दुर्गेश को गिरफ्तार किया गया है।

अंकित एक संस्था में कार चालक की नौकरी करता है, जबकि दुर्गेश एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि शुक्रवार देर शाम अंकित अपनी वैन्यू कार से दोश्त दुर्गेश के एक परिचित को दिल्ली छोड़ने गया था। वहां से दोनों मकनपुर आ रहे थे। देर रात को राश्ते में गाड़ी में ही शराब पी रहे थे और गाड़ी अंकित चला रहा था।

इसी बीच एनएच-नौ पर सांई मंदिर चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया। बाइक पर तीन किशोर सवार थे।

जब बाइक कार से आगे निकल रही थी, तभी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 16 वर्षीय किशोर अंश की मौत हो गई। जबकि उसके दोश्त न्याय खंड व्यू हाइट सोसायटी के रहन वाले जतिन मित्तल और संजय मामूली रूप से घायल हो गए। तीनों बाइक पर सवार होकर खिचड़ीपुर दिल्ली से रामलीला देखने के बाद शुक्रवार देर रात में वापस घर आ रहे थे।

घटना के बाद परिजनों ने किशोर की मौत का आरोप उनके दोश्तों पर ही लगाया था और शव रखकर हंगामा भी किया था। मामले में पुलिस ने साथियों पर केस भी दर्ज किया था।

एसपी सिटी ने बताया कि सच्चाई जानने के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई थी। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा नहीं था। ऐसे में आसपास के कैमरों को खंगालते हुए आरोपियों तक पुलिस की टीम पहुंची। गिरफ्तारी से अंश के परिजन भी संतुष्ट हैं।

## रंजिश में दो भाइयों पर चाकू और सरिया से हमला किया

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

नंदग्राम थानाक्षेत्र की नई बश्ती में रंजिश के चलते दो सगे भाइयों पर चाकू और सरियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना शनिवार शाम करीब तीन बजे की है। घायल भाइयों का इलाज कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नई बश्ती नंदग्राम में रहने वाली माला देवी का कहना है कि उनके बेटे दीपक और पवन 27 सितंबर की दोपहर करीब तीन बजे अपने काम से लौट रहे थे। जैसे ही वे टेंपो स्टैंड के पास पहुंचे तो पड़ोस में रहने वाली रेखा, नीलम तथा उनके रिश्तेदार वीरा और आशीष ने अचानक राश्ता रोककर दोनों पर चाकू और सरियों से हमला बोल दिया। हमले में दीपक और पवन को सिर, नाक और हाथ पर गंभीर चोटें आईं।

माला देवी ने बताया कि जब वह बचाने दौड़ीं तो मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए। भीड़ देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपियों ने घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों ने घायलों को थाने लाकर पुलिस में शिकायत दी। माला देवी के मुताबिक बेटों को उपचार के चलते वह थाने पर शिकायत नहीं दे सकी थीं। सीओ नंदग्राम उपासना पांडेय का कहना है कि शिकायत के आधार पर 28 सितंबर को चारों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## विभीषण शरणागति और रावण अंगद संवाद की लीला का मंचन हुआ



✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

श्री रामलीला मंडल नजीबाबाद द्वारा श्री राम जानकी कला परिषद के कलाकारों द्वारा 28 व 29 सितंबर की बीती रात्रि विभीषण को लंकापति रावण द्वारा लात मार कर लंका छोड़ने को कहा गया।

इसके बाद विभीषण द्वारा भगवान श्री राम की शरण ली गई। इस दौरान भगवान श्री राम जी के द्वारा विभीषण जी को लंका का राजा घोषित किया गया और उनका राजतिलक किया गया। भगवान राम के द्वारा समुद्र से राश्ता मांगा गया। लेकिन काफी प्रार्थना करने के बाद भी समुद्र ने राश्ता नहीं दिया। क्रोध में आकर राम जी के द्वारा धनुष बाण को उठाकर अग्निबाण समुद्र को सुखाने के लिए निशान साधा तो समुद्र के द्वारा प्रकट होकर विनती की गई और क्षमा याचना की गई।

समुद्र राश्ता देने के लिए तैयार हो गए ।सुग्रीव जी की सेना में नल नील और अन्य वानर सेना द्वारा राम सेतु का निर्माण किया गया।

राम सेतु पर चलकर राम जी की सेना लंका पहुंची, लंका पहुंचकर श्री राम द्वाराअंगद को दूत बनाकर लंका पति रावण को समझने के लिए भेजा गया। लंकापति रावण और अंगद के बीच काफी संवाद हुआ। दर्शकों को रावण व अंगद का संवाद काफी पसंद आया और अंगद के पाठ कर रहे पात्र की बहुत सराहना की।

राम शिवम गोयल ,लक्ष्मण शिवम शर्मा, रावण नमन गोयल, जामवंत निशांत, हनुमान आकाश नामदेव, नल सौरभ सैनी, नील अपार दिवाकर, मेघनाथ प्रियांशु सिंघल, अंगद मयंक सैनी, सुग्रीव आयुष भंडारी, विभीषण मनीसागर, समुद्र देव वंश पाल, आदि पात्रों ने रामलीला का मंचन किया।

# बच्ची से कुकर्मी को 20 साल कठोर कारावास की सजा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

पॉक्सो अदालत ने बच्ची से कुकर्म के एक मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, 60 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया।

मामला लोनी थाना क्षेत्र का है। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखरवा ने बताया कि लोनी थाना क्षेत्र में रहने वाली बच्ची 20 जुलाई 2015 को घर के बाहर खेल रही थी।

इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला भरतपाल आया और बच्ची को अपने साथ ले गया। इसके बाद उसके साथ कुकर्म किया। बच्ची ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों ने थाने में भरतपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। भरतपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

मामले में पॉक्सो अदालत सेकंड की विशेष न्यायाधीश दीपिका तिवारी की अदालत में अंतिम सुनवाई हुई।

अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर कुकर्म करने के मामले में अभियुक्त भरतपाल को दोषी ठहराया और उसे 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही उसपर 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भोगने के आदेश जारी किए।

## कूड़ा डालने को लेकर पड़ोसियों ने दो भाइयों और भतीजे के साथ की मारपीट

**एनसीआर टुडे. गाजियाबाद**। लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने दो भाइयों और भतीजे के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मंडोला गांव निवासी सतेंद्र शर्मा उर्फ सोनू की शुक्रवार को सुबह नौ बजे पड़ोस में रहने वाले पवन उर्फ पिंटू, राजू उर्फ पप्पू, मोहित उर्फ भुल्लर के साथ कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान तीनों ने उनसे गाली गलौज करनी शुरू कर दी।

## संपादकीय

# सत्य, अहिंसा व सादगी के दो अमर प्रहरी

भारत का इतिहास उन महापुरुषों से आलोकित है जिन्होंने अपने जीवन, आदर्श और कर्म से न केवल राष्ट्र की तकदीर बदली, बल्कि पूरी मानवता को नई दिशा दी। संयोग से 2 अक्टूबर का दिन हमें एक साथ दो ऐसे महापुरुषों की याद दिलाता है जिन्होंने भारत के जीवन और भविष्य को नया स्वरूप दिया। वे दो महापुरुष कोई और नहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री हैं।

एक ओर जहां गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के अद्भुत शस्त्र से ब्रिटिश साम्राज्यवाद को चुनौती देकर भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशश्त किया, वहीं दूसरी ओर शास्त्री जी ने अपनी सादगी, ईमानदारी और कर्मठता से स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और परिश्रम का मंत्र दिया। यही कारण है कि 2 अक्टूबर केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श और स्वतंत्र भारत के राष्ट्रनिर्माण की दिशा का संगम है।

महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ। एक सामान्य व्यापारी परिवार में जन्मे इस बालक ने आगे चलकर यह सिद्ध किया कि नेतृत्व केवल पद या धन से नहीं, बल्कि नैतिक बल और जनता के विश्वास से भी किया जा सकता है। गांधीजी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वराज और स्वदेशी जैसे व्यावहारिक तथा वाश्तविक सिद्धांतों पर आधारित रहा। दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह के प्रयोग से लेकर भारत में असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक उन्होंने पूरे विश्व को दिखाया कि जब जनशक्ति नैतिकता और अहिंसा के साथ खड़ी हो जाती है तो कोई भी सत्ता उसे दबा नहीं सकती। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को केवल राजनीतिक लक्ष्य तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सामाजिक सुधार और नैतिक पुनर्निर्माण से भी जोड़ा।

उनका विश्वास था कि वाश्तविक स्वराज तभी संभव है जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो और समाज से छुआछूत, अस्पृश्यता तथा गरीबी जैसी बुराइयां समाप्त हों। हालांकि 1930 के दशक में जब स्वतंत्रता संघर्ष निर्णायक दौर में था, तब वर्ष 1932 के 'कम्युनल अवार्ड' को लेकर यरवदा जेल में अनशन के चलते डा. भीम राव अंबेडकर का उनसे वैचारिक मतभेद रहा। खैर उन्होंने खादी व स्वदेशी पर काफी बल दिया। चरखा उनके लिए केवल सूत कातने का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव का प्रतीक था। 'आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी', उनकी यह बात आज भी हिंसा और आतंकवाद से जूझ रही दुनिया के लिए मार्गदर्शक का काम करती है। इसी दिन वर्ष 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ।

उनका बचपन संघर्षों से भरा था। पिता का जल्दी निधन हो गया, परिवार की आर्थिक स्थिति भी साधारण रही, किंतु विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने शिक्षा पूरी कर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया तथा कई बार जेल भी गए। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने देश की प्रशासनिक और राजनीतिक जिम्मेदारियां संभालीं। पहले परिवहन मंत्री, फिर गृहमंत्री और अंततः 1964 में प्रधानमंत्री बनने तक का सफर उनकी काबीलियत का उदाहरण है। अपने प्रधानमंत्री काल में उन्हें अनेक कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा। एक ओर जहां देश भयंकर खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था, तो वहीं दूसरी ओर 1965 में भारत-पाक युद्ध उनके लिए चुनौती थी। इन कठिनाइयों में भी उन्होंने देशवासियों को आत्मविश्वास और साहस से आगे बढ़ाया। सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और किसानों को अन्न उत्पादन हेतु प्रेरित करने के लिए उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया।

यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक बन गया। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, क्योंकि किसी राष्ट्र की सुरक्षा एवं अन्न-समृद्धि ही उसकी रीढ़ है। सादगी और ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन में कई अद्भुत समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों व्यक्तियों ने सादगीपूर्ण जीवन जिया तथा ईमानदारी और नैतिकता को अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। गांधी जी ने जहां स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया, तो वहीं शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर उस आत्मनिर्भरता की नींव को और मजबूत किया। एक ओर गांधी जी ने स्वतंत्रता की नींव रखी तो दूसरी तरफ शास्त्री जी ने स्वतंत्र भारत के आत्मसम्मान को ऊंचाई तक ले जाने का काम किया। आज जब हम 2 अक्टूबर का स्मरण करते हैं, तो यह केवल औपचारिक आयोजन या सरकारी छुट्टी भर नहीं होना चाहिए। बल्कि यह दिन हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। संयुक्त राष्ट्र ने गांधी जयंती को 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' घोषित कर दुनिया को शांति और सहअशितत्व का संदेश देकर वैश्विक पटल पर गांधी जी के सत्य और अहिंसा के हथियार का लोहा माना। वहीं शास्त्री जी का दिया नारा आज भी सैनिकों और किसानों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। यदि हम इस दिन को वाश्तव में सार्थक बनाना चाहते हैं तो हमें अपने जीवन में गांधी जी की अहिंसा, सत्यनिष्ठा, स्वच्छता और स्वदेशी की भावना को अपनाना होगा, साथ ही शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता को भी जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

वर्तमान में भारत आतंकवाद, भ्रष्टाचार, असमानता, हिंसा और पर्यावरण संकट जैसी कई चुनौतियों से जूझ रहा है। इनसे निपटने के लिए गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्श ही सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। गांधी जी का स्वच्छता पर बल आज 'स्वच्छ भारत अभियान' की आत्मा है, उनकी आत्मनिर्भरता की शिक्षा 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए मार्गदर्शक है। इसी तरह शास्त्री जी का किसानों और जवानों के लिए दिया गया आह्वान आज भी देश की मजबूती का आधार है। निस्संदेह, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ऐसे दो सपूत हैं जिन पर न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया गर्व करती है। इन दोनों विभूतियों ने दिखाया कि सच्चा नेतृत्व सत्ता का सुख भोगना नहीं, बल्कि जनकल्याण के लिए समर्पित रहना होता है। 2 अक्टूबर का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हमें उनके तथा उनके जैसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन और राष्ट्र के निर्माण में अमल में लाना चाहिए। तभी यह दिन औपचारिकताओं से आगे बढक़र वाश्तव में सार्थक बनेगा। पूरा राष्ट्र इन दोनों को नमन करता है।

# अभी भारत के लिए दवा टैरिफ बेअसर

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हाल ही में 26 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगश्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फार्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा।

कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है। उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी।


साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। कहा गया है कि इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं। इनमें आयरलैंड, जर्मनी और स्विट्जरलैंड जैसे देश प्रमुख हैं। गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। ब्रांडेड दवाई वे दवाई होती हैं, जो मूल दवाई होती है जिसकी खोज किसी फार्मा कंपनी ने रिसर्च के बाद की होती है।

इसे बनाने वाली कंपनी को एक तय समय जो कि आमतौर पर 20 साल का होता है, के लिए पेटेंट अधिकार मिल जाता है। इस दौरान कोई भी दूसरी कंपनी उस फॉर्मूले का इश्तेमाल करके वह दवाई नहीं बना सकती। जबकि जेनेरिक दवाई वो दवाई होती है जो ब्रांडेड दवाई का पेटेंट खत्म होने के बाद बाजार में आती है। यह ब्रांडेड दवाई के समान फॉर्मूले का इश्तेमाल करके बनाई जाती है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉर्मूले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है।

पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक-तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ 'अमेरिका फस्र्ट' और 'मेक इन अमेरिका' नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है।

ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों के द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80 से 90 फीसदी तक सश्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़




जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था।

दरअसल भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। लेकिन आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फार्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फार्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा।

गौरतलब है कि भारत दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है और इस समय भारत 200 से अधिक देशों को दवाइयों का निर्यात करता है। देश में 3000 से अधिक दवाई कंपनियां हैं और 10500 से अधिक क्रियाशील दवाई उत्पादक इकाइयां हैं। भारत दवाई उद्योग उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना और विभिन्न देशों के साथ हो रहे मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की बदौलत फार्मा क्षेत्र का कारोबार वर्तमान 55 अरब डॉलर के आकार से छलांगे लगाकर अगले दो साल में 130 अरब डालर तक पहुंच सकता है। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निर्माता कंपनियों के द्वारा की जाती है।

निश्चित रूप से ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाई पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ और आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों पर किसी भी प्रकार के टैरिफ की आशंका के बीच हमें कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को दवाई निर्माण के लिए अपनी लागत-कुशल रणनीति पर फोकस रहना होगा। देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा।

सरकार के द्वारा फार्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जाना होगा। भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे।

वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के बारे में रणनीति बनानी होगी। दवाई उद्योग के साथ आईटी के एक्पर्टाइज और डिजिटल एक्सपर्टाइज को समन्वित रूप से काम करना होगा। दवाई उद्योग से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और कारगर बनाने के लिए, दवाई विनिर्माण क्षेत्र और फार्मा पार्क रणनीति को अधिक सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण बनाना होगा। स्वदेशी फार्मास्युटिकल अनुसंधान को प्रोत्साहित करना होगा।

इस हेतु नियामकों और दवा अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना होगा और वैश्विक नियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय बनाना होगा। फार्मा विकास के लिए अनुसंधान क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए तत्परतापूर्वक आगे बढऩा होगा। यद्यपि 26 सितंबर को ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाई पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ फिलहाल भारत के लिए बेअसर हैं, लेकिन भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फार्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा।

इससे भारत का जो दवाई उद्योग वर्तमान में 55 अरब डॉलर के श्तर पर है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। इससे रोजगार बढ़ेंगे, निर्यात बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था लाभान्वित होगी।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)**

# भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय : एक सिंहावलोकन

**राम पुनियानी**

भारतीय समाज में अनेक असमानताएं व्याप्त हैं। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो भारतीय संविधान का ही अंत कर देना चाहती हैं। वह इसलिए क्योंकि संविधान समानता की स्थापना के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण औज़ार है। भारत में पितृसत्तात्मक मूल्यों का बोलबाला रहा है। इन मूल्यों का धर्मग्रंथों में महिमामंडन किया गया है। वर्ण-जाति व्यवस्था को भी समाज ने मान्यता दी है। यह भी पवित्र ग्रंथों द्वारा अनुमोदित है।

वर्ण-जाति से जुड़ी असमानताएं अनादि काल से हमारी सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा रही हैं और आज भी हैं। जातिगत असमानता के खिलाफ और समानता और सामाजिक न्याय के पक्ष में पहली महत्वपूर्ण आवाज़ गौतम बुद्ध की थी। समता का मूल्य उनकी शिक्षाओं के केंद्र में था। इसने सामाजिक व्यवस्था को कुछ हद तक प्रभावित किया। मध्यकाल में, राजशाही के दौर में भी असमानता बनी रही। कबीर, नामदेव, तुकाराम और नरसी मेहता जैसे संत-कवियों ने जातिगत असमानता की क्रूरता और उसकी अतार्किकता पर प्रकाश डाला। केरल में नारायण गुरु ने जाति प्रथा के खिलाफ एक बड़ा आन्दोलन शुरू किया।

ब्रिटिश राज की स्थापना और आधुनिक शिक्षा की शुरुआत के साथ जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले जैसे लोगों ने दलितों और महिलाओं के लिए स्कूलों की स्थापना की और इस तरह जातिगत और लैंगिक असमानता के खिलाफ जंग छेड़ी।

उनके बाद बाबासाहेब अम्बेडकर ने चावदार तालाब और कालाराम मंदिर आंदोलनों के जरिए और मनुस्मृति की प्रतियाँ जलाकर सामाजिक समानता के संघर्ष को आगे बढाया। अम्बेडकर ने स्वाधीनता आन्दोलन के समानांतर बहुजन हितकारिणी सभा और शेड्यूलड़ कास्ट्स फेडरेशन जैसी संस्थाओं की स्थापना की। पूना पैक्ट के बाद गाँधीजी ने सामाजिक समानता की स्थापना के लिए एक बड़ा आन्दोलन शुरू करते हुए दलितों को मंदिरों में प्रवेश दिलवाने और उनके साथ भोजन ग्रहण करने के पक्ष में वातावरण बनाया।

इस सिलसिले में पेरियार रामासामी का आत्मसम्मान आन्दोलन भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। स्वाधीनता के बाद संविधानसभा का गठन हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने संविधानसभा की मसविदा समिति के अध्यक्ष पद हेतु अम्बेडकर का नाम प्रश्तावित किया। अम्बेडकर की अपने सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने काम के प्रति समर्पण भाव के चलते संविधान में समानता, सामाजिक न्याय और कमज़ोर वर्गों के प्रति सकारात्मक भेदभाव सुनिश्चित करने वाले प्रावधान शामिल किए जा सके।

संविधान के शुरूआती शब्द हम भारत के लोग ही यह स्पष्ट करते हैं कि वह समानता का पक्षपोषण करने वाला दश्तावेज है और कमज़ोर वर्गों को हर प्रकार का संरक्षण दिए जाने का समर्थक है। संविधानसभा, स्वाधीनता आन्दोलन के सामाजिक न्याय के मूल्य को प्रतिबिंबित करता है और उसमें हुई बहसें और वाद-विवाद, सामाजिक न्याय की पक्षधरता करते हैं। इसके चलते ही भारत की जनता के इस घोषणापत्र में आरक्षण, अछूत प्रथा का निषेध और सकारात्मक कार्यवाही सम्बन्धी प्रावधान जगह पा सके।

स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के अतिरिक्त हमारे संविधान की उद्देशियका न्याय की बात भी करती है। वह कहती है कि न्याय के तीन प्रमुख स्वरुप हैंः सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक। इन्हें हासिल करने के लिए संविधान में मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निदेशक तत्वों का समावेश किया गया है। सामाजिक न्याय से आशय यह है कि सभी नागरिकों के साथ एक समान व्यवहार किया जायेगा फिर चाहे उनके जाति, रंग, नस्ल, धर्म या लिंग कोई भी हो। इसका मतलब यह भी है कि समाज के किसी तबके को कोई विशेषाधिकार हासिल नहीं होंगे और महिलाओं और पिछड़े वर्गों (एससी, एसटी व ओबीसी) की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति को बेहतर बनाया जायेगा।

आर्थिक न्याय से आशय यह है कि नागरिकों के साथ उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। इसका अर्थ यह भी है कि आय, संपत्ति और धन के संदर्भ में असमानताओं को मिटाया जायेगा। सामाजिक और आर्थिक न्याय का संयोजन वितरात्मक न्याय कहलाता है। राजनैतिक न्याय का अर्थ यह है कि सभी नागरिकों को समान राजनैतिक अधिकार हासिल होने चाहिए और सभी की आवाज़ को सरकार द्वारा सुना जाना चाहिए। सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय की अवधारणा को 1917 की रूसी क्रांति से लिया गया है। फिर अन्य प्रावधान भी हैंः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता के अधिकार से संबंधित हैं, जिसमें कानून के समक्ष समानता (अनुच्छेद 14), धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध (अनुच्छेद 15), सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर (अनुच्छेद 16), अस्पृश्यता उन्मूलन (अनुच्छेद 17), और उपाधियों का उन्मूलन (अनुच्छेद 18) शामिल हैं।

इन सभी प्रावधानों का उद्देश्य उन बुराईयों को समाप्त करना है जो जाति व्यवस्था के कारण जन्मीं और बनी हुई हैं। ये प्रावधान सामाजिक न्याय पर आधारित समाज की स्थापना के लिए चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलनों की मददगार हैं।

सामाजिक न्याय एक बहुत व्यापक अवधारणा है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गजेन्द्र गड़कर के अनुसार, सामाजिक न्याय का उद्देश्य है धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों के संदर्भ में हर नागरिक के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना और असमानताओं पर काबू पाना।

इसके अलावा भी हमारे संविधान में ऐसे प्रावधान हैं जिनका उद्देश्य सामाजिक न्याय की अवधारणा को उसकी संपूर्णता में लागू करना है। इनमें शामिल हैं अनुच्छेद 15(4), जो राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों के किसी भी वर्ग या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष प्रावधान करने की शक्ति देता है, अनुच्छेद 16(1) जो कहता है कि राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर होंगे और अनुच्छेद 16(4) जिसके अनुसार अनुच्छेद 16(1) की कोई बात राज्य को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए कोई उपबंध करने से नहीं रोकेगी, जिसका प्रतिनिधित्व राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त नहीं है।

अनुच्छेद 46 के अनुसार, राज्य जनता के कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को विशेष ध्यान से बढ़ावा देगा तथा उन्हें सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से बचाएगा।

इस समय हम देख रहे हैं कि जो लोग सामाजिक न्याय की अवधारणा के खिलाफ हैं वे खुलकर भारत के संविधान में बदलाव की मांग कर रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय समेत अनेक व्यक्ति शामिल हैं। देबरॉय के अनुसार, चूँकि अदालतों ने यह साफ़ कह दिया है कि कार्यपालिका, संविधान की मूल ढांचे में बदलाव नहीं कर सकती इसलिए हमें एक नए संविधान की ज़रुरत है। वे यह भी कहते हैं कि हमारा वर्तमान संविधान, औपनिवेशिक बपौती है और वे उसके समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता सम्बन्धी प्रावधानों पर भी प्रश्न उठाते हैं।

हिन्दू दक्षिणपंथ के अनेक विचारकों का यह तर्क है कि भारत एक सभ्यतागत राज्य है (अर्थात वेदों और मनुस्मृति के मूल्यों का पोषक) और संविधान उसके ऊपर नहीं हो सकता है। अब सभ्यता के क्या परिभाषा है? इन ज्ञानियों का कहना है कि (ब्राह्मणवादी) हिन्दू धर्म, भारत की सभ्यता का मूल है।

वे वामपंथी इतिहासविदों पर यह आरोप लगाते हैं कि वे इस्लाम और विशेषकर मुसलमानों और मुगलों को महत्व देकर, भारत के इतिहास को तोड़मरोड़ रहे हैं। उन्हें इस बात का बहुत दुःख हैं कि चोल जैसे हिन्दू राजाओं को राष्ट्रीय विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं मिला है जबकि विदेशी मुगलों को हमारे इतिहास मंल गैर-अनुपातिक स्थान दिया गया है। आज ज़रुरत इस बात की है कि भारत के संविधान की, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वाले उसके प्रावधानों सहित, रक्षा की जाये और उसे मज़बूत बनाये जाये।

# मन की बात भारत सहित दुनिया मे चर्चा का विषय

**कांतिलाल मांडोत**

मुख कभी अपने पास भोजन जमा नही रखता। वह पूरे शरीर मे बांटकर उसका पोषण करता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मुखिया है। भारत के कल्याण का दायित्व प्रधानमंत्री पर है। प्रधानमंत्री का रेडियो शो मन की बात घर घर का चेहता एपिसोड बन गया है। हर महीने के अंतिम तिथि का लोगो को इंतजार रहता है।

अमेरिका के द्वारा लादे गए टैरिफ भारत मे चर्चा का विषय बन गया है। अमेरिका का भारत के साथ किए गए व्यवहार को लेकर लोग काफी नाराज है। यह विश्वास घात है। बहरहाल, भारत की इकोनॉमी मजबूत करने के लिए स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी को रास्ट्रीय मुद्दा बनाकर हर एक व्यक्ति को भारत मे निर्मित चीज वश्तुओं को खरीदने का आग्रह किया है। भारत के साथ अमेरिका का व्यवहार दोषपूर्ण है।

अमेरिका शक्तिशाली और समृद्धिशाली देश है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जिससे भारत से निर्यात होने वाली चीजें महंगी होने के कारण विक्रय नही हो पाती है। इसके बाद भी भारत से निर्यात होने वाली दवाइया को सौ प्रतिशत टैरिफ के दायरे में लाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप का विचार है। जबकि भारत को अमेरिका ने चोंका दिया है। प्रधानमंत्री मोदीं ने 126वे एपिसोड में आत्मनिर्भर भारत, वोकल फ़ॉर लोकल और फेस्टिव सीजन पर खुलकर बात की गई। भारत ही नही मोदीं के मन की बात पर दुनिया कायल है। मन की बात की धारणा और विचार सरकारी उपक्रम और योजनाओ को मूर्तरूप देने का काम करती है।

मन की बात में मोदी की योजनाएं और उस कार्य के प्रति समर्पण के भाव पैदा करने और कार्ययोजना में ढालने की प्रेरणा मिलती है। मन की बात पर शुरुआती दौर में हंसी ठिठोली कर विपक्ष टाल देता था। लेकिन, अब यह कार्यक्रम धारावाहिक बन गया है, जिसके लिए देश की जनतामोदी की मन की बात सुनने के लिए इंतजार में रहती है। चौक चौराहे पर चर्चा होती है कि मोदी इस मुद्दे को मन की बात में अवश्य उठाएंगे।

शब्द को ब्रह्न माना गया है। शब्द स्वयं में अभिधा, लक्षणा एवं व्यंजना शक्तियों को समेटे रहता है। मोदी के शब्दो मे देश की जनता को तारने वाले और विश्व कल्याण की भावना निहित है। मोदी ने स्वदेशी सामान को खरीदने पर जोर दिया। मोदीं ने मन की बात में कहा कि जो अभी देश मे तैयार हुआ माल है, वही खरीदे। स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत का सपना है। घर का माल घर मे और घर का पैसा देश मे रहेगा, तो आर्थिक स्वावलंबन बढ़ेगा। भारत के विशिष्ट और संस्कृति के पर्व पर बात की गई। छठ पर्व भारत ही नही दुनिया मे मनाया जाता है।

छठपर्व से आस्था और विश्वास की बुनियाद टिकी हुई है। छठ मैया के इस ऐतिहासिक पर्व कोमोदी ने यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने के लिए भरोसा दिलाया औऱकहा कि सरकार इसके लिए पर्यटनशील है। छठपर्व उतर भारत ही नही, देश की धरोहर है। छठपूजा में सरकार व्यवस्था को मूर्तरूप देने के लिए नवरात्रि के पश्चात देखभालऔर शुरू कर देगी।

गौरतलब है कि हजारो की संख्या में छठपूजा कर महिलाएं परिवार के लिए समृद्धि और खुशहाली की कामना करती है। छठपूजा पर्व को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए मोदी ने इसको विश्व श्तरीय बना दिया है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्म जयंती होने से उनको याद किया। मोदी ने कहा कि लताजी के गीतों को सुनकर कोई भी व्यक्ति अभिभूत हुए बिना नही रहता है। उनके गीत मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख देते है। प्रधानमंत्री ने लता दीदी की मुलाकात कराने वाले सुधीर फड़के का आभार व्यक्त किया।

शहीद भगतसिंह को नमन किया। उनकी बहादुरी पर मन की बात में चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे साथ युद्धबंदियों जैसा व्यवहार कर फांसी से नही, मुझे गोली मार कर जान ली जाए। शहीद भगतसिंह के अदम्य साहस की गाथा अपने कार्यक्रम में प्रश्तुत की है। मोदी ने गांधी जयंती परस्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। मन की बात में गांधी जयंती पर खादी प्रोडक्ट खरीदने का आग्रह किया। विजयादशमी पर ही आरएसएस की स्थापना का दिन है। दोनो महत्वपूर्ण है।

आरएसएस की स्थापना और दूसरा विजय पर्व। उपरोक्त दोनों देश के लिये महत्व रखते है। देश गुलामी की जंजीरों में बंधाहुआ था, उस दौर में आरएसएस की स्थापना हुई थी। गुलामी शब्द सुनने मात्र से मन मे नफरत और जिल्लत भरी जिंदगी की याद ताजा हो जाती है। इस गुलामी में स्वाभिमान और आत्मविश्वास पर गहरी चोट की है। गुलामी की बात सुनते ही, हरकोई व्यक्ति सिहर उठता है। दरअसल, मोदी ने फेमस सिंगर जुबिन गर्ग को याद किया। तमिलनाडु के अशोक जगदीशनप्रेम सेल्वाराज को इसलिए याद किये गए कि उन्होंने नौकरी छोड़कर घास और केला फाइबर से योगा मैट बनाए, दो सौ युवकों को रोजगार से जोड़ा। भारतीय नेवी के दो बहादुर लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा और दिलाना के साहस और द्रढ संकल्प के लिए उनका जिक्र कार्यक्रम में कर मोदी ने उन दोनों से बात की। मन की बात एपिसोड एक उम्मीद की किरण है। प

्रतिभावान लोगो को उपरोक्त एपिसोड के माध्यम से याद किया जाता है। एक सामान्य व्यक्ति मोदी के कार्यक्रम से जुड़ कर मोदी सेबातचीत करता है। उस क्षण को हम यहां बयां नही कर सकते है। क्योकि वे ऐसे पराक्रमी होते हुए भी उनको खबर है कि 140 करोड़ लोगो के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना संभव नही है। फिर भी मोदी उन लोगो को अपने एपिसोड में शामिल करते है। जिन्होंने अपने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# मन की बात भारत सहित दुनिया में चर्चा का विषय

**सईद अहमद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मुखिया हैं और उन्होंने रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया है। यह कार्यक्रम आज घर-घर में लोकप्रिय है। हर महीने के अंतिम रविवार को लोग उत्सुकता से इसका इंतजार करते हैं। शुरूआत में इसे विपक्ष ने हल्के में लिया, लेकिन धीरे-धीरे यह कार्यक्रम एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है।

**अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद और स्वदेशी पर बल**

मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में आत्मनिर्भर भारत, "वोकल फॉर लोकल" और त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वश्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। अमेरिकी टैरिफ नीतियों से भारत के निर्यात पर दबाव पड़ा है, फिर भी प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि देशवासी भारत में बने सामान खरीदें। यह केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रश्न भी है।

**संस्कृति और आस्था को वैश्विक पहचान**

कार्यक्रम में मोदी ने भारत की संस्कृति और परंपराओं को भी स्थान दिया। उन्होंने छठ पर्व को न केवल राष्ट्रीय धरोहर बताया, बल्कि इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने का प्रयास करने की बात कही। इस पर्व में हजारों महिलाएँ परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं, जो आस्था और विश्वास का अनूठा उदाहरण है।

लता मंगेशकर और शहीदों को श्रद्धांजलि

मन की बात में प्रधानमंत्री ने भारत की महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया और उनके गीतों को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला बताया। साथ ही उन्होंने शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस का स्मरण किया। भगत सिंह ने कहा था कि "फाँसी नहीं, मुझे गोली मारो"-उनका यह साहस आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है।

**गांधी, खादी और राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता**

गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री ने लोगों से खादी और स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का सपना है। विजयादशमी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का दिन भी उन्होंने याद किया, जिसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़कर देखा जाता है।

**आम नागरिक और असाधारण योगदान**

मन की बात केवल बड़े मुद्दों तक सीमित नहीं रहती। मोदी ने इसमें असम के गायक जुबिन गर्ग, तमिलनाडु के अशोक जगदीशन प्रेम सेल्वाराज (जिन्होंने घास और केला फाइबर से योगा मैट बनाकर युवाओं को रोजगार दिया), और भारतीय नौसेना की बहादुर महिला अफसरों का उल्लेख किया। इस तरह यह कार्यक्रम प्रतिभावान और साहसी व्यक्तियों को राष्ट्रीय श्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम भी बन गया है।

**निष्कर्ष**: मन की बात अब केवल एक रेडियो शो नहीं रहा, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद का सशक्त मंच बन चुका है। यह कार्यक्रम सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के साथ-साथ आम नागरिकों को प्रेरित करने का कार्य करता है। यही कारण है कि आज न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में यह चर्चा का विषय है।

**(लेखक वेब वार्ता समाचार एजेंसी के संपादक है)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। संपादक : संजय शर्मा
फोन: 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com ई-मेल: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com RNI-UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### मेरठ में आधी रात को मर्डर, ताबड़तोड़ ईंट मारकर कुचल दिया सोते हुए युवक का सिर

**मेरठ, एजेंसी।** गांव भूनी में सोते समय युवक की हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव भूनी निवासी पवन (35) पुत्र वेद प्रकाश की रात को सोते समय ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। पवन घर के बाहर बने चबूतरे पर सो रहा था। रात करीब दो बजे गांव उस पर हमला किया गया। शोर सुनकर आए परिजनों ने खून से लथपथ शव देखा तो उनके होश उड़ हुए। जबकि हमलावर फरार हो चुके थे। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### सोशल मीडिया से लेकर संवेदनशील इलाकों तक पर खुफिया की नजर

**कानपुर, एजेंसी।** बरेली हिंसा के बाद शहर की खुफिया सतर्क है। पुलिस सोशल मीडिया से लेकर शहर के संवेदनशील इलाकों में नजर रख रही है। पुलिस और खुफिया की सतर्कता की ही वजह से रेलबाजार के सुजातगंज इलाके में जुमे की नमाज के बाद लोगों की भीड़ को भड़काने की एक युवक की कोशिश कामयाब नहीं हो पाई थी। संवेदनशील इलाकों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस वालों को लगाया गया है। आई लव मोहम्मद को लेकर मचे बवाल के बीच प्रदेश भर में पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी हुए हैं। ऐसे में पुलिस की टीमें और एलआईयू व अन्य खुफिया एजेंसियां संदिग्धों के अलावा सोशल मीडिया पर भी 24 घंटे निगरानी कर रही हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अधिकारियों और थाना प्रभारियों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। जेसीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि कानपुर में सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक पुलिस की टीमें निगरानी कर रही हैं। यदि किसी ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक कसी भी तरह माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा जाएगा।

### नवजात की मौत पर हंगामा, इलाज में अनदेखी का आरोप

**उन्नाव एजेंसी।** मके एसएनसीयू में शनिवार रात नवजात की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। आरोप लगाया कि डॉक्टरों की लापरवाही से मौत की हुई है। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बच्चे को सांस लेने में तकलीफ थी, इसलिए हैलट रेफर किया गया था।फतेहपुर चौरासी के अब्दुलापुर निवासी कपिल पांडेय की पत्नी निशा (29) का 25 सितंबर को निजी अस्पताल में प्रसव हुआ था। बच्चे की हालत नाजुक होने पर निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे महिला अस्पताल स्थित एसएनसीयू में भर्ती कराने की सलाह दी। इसपर परिजन 26 सितंबर की रात बच्चे को लेकर एसएनसीयू पहुंचे और भर्ती कराया। यहां बच्चे का इलाज शुरू हुआ। शनिवार देर रात तबीयत अधिक बिगड़ने पर डॉक्टर ने हैलेट रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को कानपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। इसके बाद परिजन एसएनसीयू लौटे और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अगर सही से इलाज मिलता तो बच्चे की जान बच सकती थी। डॉक्टर ने जानकारी नहीं दी, मशीन पर लगाए रहे, जब बच्चे की मौत हो गई तो रेफर कर दिया। हंगामे दौरान परिजन और सुरक्षा गार्डों के बीच नोकझोंक भी हुई। ड्यूटी पर तैनात डॉ. नरेंद्र कुमार के अनुसार बच्चे हालत गंभीर थी। इसलिए उसे हॉयर सेंटर भेजना मजबूरी थी। परिजनों ने एसएनसीयू स्टॉफ पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। नवजात के चाचा अभिषेक पांडेय ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने उन्हें कई बार धमकाया।

# बहकावे में आ गए थे... अब जीवन में कभी ऐसा नहीं करेंगे, बरेली में बवाल का कारण पूछने पर बोले उपद्रवी



**बरेली, एजेंसी।** बरेली शहर में हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने रविवार को 22 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इनमें से 16 लोगों पर बवाल करने और छह पर मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के बाद लोगों को भड़काने का आरोप है।

मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। संदिग्ध 26 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी ने बताया कि शुक्रवार को भीड़ की ओर से किए गए पथराव और फायरिंग में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, कैंट व प्रेमनगर थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज कर 125 लोगों को नामजद किया गया है। तीन हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

एसी सिटी ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया तो वे माफी मांगते हुए सामने आए। ज्यादातर आरोपी नौजवान हैं। बवाल का कारण पूछने पर बोले कि वे बहकावे में आ गए थे। अब जीवन में कभी ऐसा नहीं करेंगे। आरोपियों में चक महमूद निवासी मोईन उर्फ चोटीकटवा के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर चुका है।

**76 लोग पुलिस के रडार पर, इनमें चार पार्षद :** प्रशासन की मनाही के बावजूद भीड़ को खलील स्कूल तिराहे की ओर भेजने में सात थाना क्षेत्र के पांच पार्षद सहित 77 लोगों की भूमिका सामने आई है। एक पार्षद को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब चार पार्षदों सहित 76 लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

एससी सिटी ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया तो वे माफी मांगते हुए सामने आए। ज्यादातर आरोपी नौजवान हैं। बवाल का कारण पूछने पर बोले कि वे बहकावे में आ गए थे। अब जीवन में कभी ऐसा नहीं करेंगे। आरोपियों में चक महमूद निवासी मोईन उर्फ चोटीकटवा के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर चुका है।

## संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी, अफसरों ने किया रूट मार्च

### 25 नवंबर तक धारा 163 लागू

बरेली में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने 25 नवंबर तक के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। इससे अब किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक संख्या में लोग एकत्र नहीं होंगे। इस प्रतिबंध से सरकारी कार्यालयों को दूर रखा है।

### चार सुपर जोन में बंटा जिला

एडीएम सिटी ने कहा कि व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध संबंधित थाना प्रभारी एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेंगे। जिले की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर एक एडीएम, सात एसडीएम मंडल के अलग-अलग जिले से बुलाए गए हैं। जिले को चार सुपर जोन, आठ जोन और 31 सेक्टरों में बांटकर एडीएम स्तर के चार, एसडीएम स्तर के 16 और 62 अन्य अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 102 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं।

### बवाल के मामले में 22 और आरोपी गिरफ्तार

आई लव मोहम्मद के समर्थन में हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने रविवार को आईएमसी नेता नदीम सहित 22 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 16 लोगों पर बवाल करने और 6 पर मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के बाद लोगों को भड़काने का आरोप है। उधर, बरेली विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने तौकीर के करीबी आरिफ के एक होटल और दो बरातघर को सील कर दिया है।

### एटीएम हुए खाली, उधारी से चलाया काम

बवाल के बाद इंटरनेट सेवा बंद होने से डिजिटल पेमेंट ठप रहा। ग्राहक नगदी से ही काम चलाते रहे। रविवार दोपहर तक राजेंद्रनगर, पीलीभीत रोड, कर्मचारी नगर, प्रेम नगर, श्यामगंज समेत कई इलाकों के एटीएम भी खाली हो गए। कर्मचारी नगर निवासी आदर्श, विनीत ने बताया कि वे प्रेमनगर, जनकपुरी के कई एटीएम तक गए, पर कैश नहीं मिला। बता दें कि शनिवार, रविवार को बैंक बंद थे, लिहाजा रकम रिफिल न होने से एटीएम खाली हुए। जहां कैश डिपॉजिट मशीन लगी थी, वहीं नकदी मिली। कचहरी रोड के एसबीआई एटीएम हब में लोगों को डिपॉजिट मशीन से कैश मिला।

# कट्टरपंथियों ने मुंबई में दी सीएम योगी को धमकी, केस दर्ज

गोरखपुर, एजेंसी।

विनोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुंबई में कुछ कट्टरपंथियों ने मंच से खुलेआम सीएम को जान से मारने की धमकी दी। यह सिर्फ व्यक्तिगत हमला नहीं बल्कि सनातन धर्म, हिंदू समाज और पूरे राष्ट्र की सुरक्षा पर सीधा खतरा है। हिंदू समाज अब चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने चेताया कि मुख्यमंत्री योगी करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सम्मान के प्रतीक हैं।

मुंबई में आयोजित एक सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जानलेवा धमकी दिए जाने के बाद पूरे हिंदू समाज में गहरा आक्रोश है। मामले में विश्व हिंदू महासंघ सैनिक कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार त्रिपाठी ने थाना कैंट में प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज कराया है।

विनोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुंबई में कुछ कट्टरपंथियों ने मंच से खुलेआम सीएम को जान से मारने की धमकी दी। यह सिर्फ व्यक्तिगत हमला नहीं बल्कि सनातन धर्म, हिंदू समाज और पूरे राष्ट्र की सुरक्षा पर सीधा खतरा है। हिंदू समाज अब चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने चेताया कि मुख्यमंत्री योगी करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सम्मान के प्रतीक हैं।

ऐसे हमले पूरे राष्ट्र को चुनौती देने के बराबर हैं। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि धमकी देने वालों और मंच पर उपस्थित साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाप्रभारी संजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़खानी की शिकायत की जांच करने पहुंची पुलिस पर पथराव

**गोरखपुर, एजेंसी।** चौरीचौरा क्षेत्र के सरैया ब्लॉक रोड पर रविवार शाम छेड़खानी की शिकायत की जांच करने पहुंची पुलिस पर मनबढ़ युवकों ने पथराव कर दिया। इसमें हलका दरोगा शिवकुमार यादव का सिर फट गया। एसआई प्रमोद यादव को चोटें आईं। पथराव में पुलिस की गाड़ी और राहगीर ब्लॉक कर्मी उर्मिला यादव की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना पर सीओ अनुराग सिंह, प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। इलाके में फोर्स तैनात कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, सरैया ब्लॉक रोड निवासी एक परिवार की युवती ने आरोप लगाया कि आसपास के कुछ युवक उससे छेड़खानी करते हैं। शनिवार रात उसकी मां काम से बाहर गई थीं। तभी युवकों ने घर के सामने पटाखे छोड़े और गेट पीटकर डराने की कोशिश की। रविवार सुबह मां के लौटने पर युवती ने घटना की जानकारी दी और थाने में



शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत की जांच के लिए एसआई शिवकुमार यादव व प्रमोद यादव मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस ने एक आरोपी युवक को पकड़कर थाने भेज दिया। इसके बाद आरोपियों के परिजन इकट्ठा हो गए और पीड़िता के घर पर पथराव कर दिया। इस पर दोबारा दोनों दरोगा पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर पथराव कर दिया। इसमें एसआई शिवकुमार का सिर फट गया और प्रमोद यादव की गर्दन पर चोटें आईं।

# वायु प्रदूषण से बच्चों में अस्थमा का खतरा

## डॉक्टर बोले- सामान्य बुखार व खांसी में एंटीबायोटिक देने से बचें



**आगरा, एजेंसी।** आगरा के आवास विकास कॉलोनी स्थित होटल में इंडियन पीडियाट्रिक्स एसोसिएशन ने कार्यशाला कर बच्चों में अस्थमा, वायरल बुखार, निमोनिया समेत अन्य संक्रमण से बचाव और इलाज पर मंथन किया। डॉक्टरों ने माना के बढ़ते वायु प्रदूषण से अस्थमा बढ़ रहा है। सामान्य बुखार-खांसी में एंटीबायोटिक दवाएं देने से बचने की सलाह दी।

झांसी के डॉ. घनश्याम चौधरी ने कहा कि वाहनों के धुएं, कचरा जलाने से अतिसूक्ष्म तत्व हवा में घुलकर सांस नलिकाओं में संक्रमण करती हैं। लंबे समय ऐसी स्थिति में रहने से बच्चों में अस्थमा बढ़ रहा है। फेफड़ों की कार्यक्षमता भी प्रभावित हो रही है।

नोएडा के डॉ. विनीत त्यागी ने कहा कि कई दिनों तक जुकाम-खांसी रहने से कान में संक्रमण हो सकता है। इससे सुनने की क्षमता कम होने और बहरेपन का खतरा रहता है। आगरा के डॉ. राकेश भाटिया ने कहा कि बच्चों में निमोनिया होने से फेफड़ों में संक्रमण हो रहा है। इससे बच्चे की जान का खतरा बढ़ जाता है।

अलीगढ़ के डॉ. संजीव कुमार ने गंभीर हाल में निमोनिया के इलाज और बचाव के बारे में व्याख्यान दिया। अध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि वायरल इनफेक्शन में एंटीबायोटिक दवाएं नहीं दी जाएं। इनके देने से वायरल बुखार ठीक होने में 7-10 दिन लग जाते हैं।

सचिव डॉ. राहुल पैंगोरिया ने बताया कि बैक्टीरियल इन्फेक्शन में एंटीबायोटिक दी जानी चाहिए। इसमें बच्चों की सांस फूलती है, सांस लेने में तकलीफ होती है, ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। इस स्थिति में बच्चों के वजन के आधार पर दवाएं दें। हैवी एंटीबायोटिक दवाएं देने से रेजिस्टेंट होने का खतरा रहता है।

कार्यशाला में डॉ. स्वाति द्विवेदी, डॉ. आरएन शर्मा, डॉ. आरएन द्विवेदी, डॉ. अरुण जैन, डॉ. अमरकांत गुप्ता, डॉ. नीरज यादव, डॉ. मधु नायक, डॉ. संजय सक्सेना, डा. प्रीति जैन, डॉ. सोनिया भट आदि मौजूद रहे।

# नौकरी के लिए आई थी वो...गेस्ट हाउस में देह व्यापार की हिला देने वाली स्टोरी




**आगरा, एजेंसी।** आगरा के ताज व्यू तिराहा (ताजगंज) के पास स्थित श्यामजी पेइंग गेस्ट हाउस में देह व्यापार कराया जा रहा था। प्रयागराज की एनजीओ फ्रीडर्म फर्म की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। गेस्ट हाउस संचालक पिता-दो पुत्रों के साथ तीन दलाल पकड़े गए। कमरे में कानपुर की 16 वर्षीय किशोरी मिली। उसको मुक्त कराया गया। मामले में केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया। तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

श्यामजी पेइंग गेस्ट हाउस के संचालक जगदीश बाबू हैं। उनके दोनों बेटे भी बैठते हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गेस्ट हाउस में पर्यटक कम आते हैं और खर्च निकालने के लिए आरोपी देह व्यापार कराते हैं। कानपुर की एक किशोरी को लाया गया है। एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि टीम के साथ गेस्ट हाउस में पहुंचे। तीनों संचालक रिसेप्शन पर ही मिल गए। दो कमरों से तीन दलाल भी पकड़े गए। पुलिस को देखकर छापे का हल्ला आरोपियों ने मचाया था। इस पर लोग भागने लगे थे लेकिन पुलिस ने चारों तरफ से होटल को घेर रखा था। कोई भी भाग नहीं सका। होटल में मिली किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने बताया कि मां कई साल पहले पिता को छोड़कर चली गई। पिता नशा करते हैं। इस कारण घर का खर्च नहीं चल पाता है। उसकी पहचान सुमित नामक युवक से हो गई थी। सुमित ने पिता को आश्वासन दिया कि उसकी नौकरी लगवा देगा।

वह अपनी परिचित युवती और अर्जुन के साथ आगरा ले आया। उसे गेस्ट हाउस में ठहरा दिया और देह व्यापार कराया जा रहा था। ग्राहक होटल संचालक को रकम देते थे। कमरे में किशोरी के साथ आरोपी अनवर भी पकड़ा गया। दूसरे कमरे में अतुल और पंकज मिले। दोनों युवतियों को होटल में लेकर आते हैं। 15 से 20 दिन तक रखा जाता है। ग्राहकों से आईडी भी नहीं ली जाती है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी और बरामदगी :** पुलिस ने ताजगंज स्थित गुलाब नगर निवासी मनोज, उसके भाई विनोद और पिता जगदीश बाबू को गिरफ्तार किया है। वह मूलरूप से डौकी के गांव नगला भोला, कुंडौल के रहने वाले हैं। उनके अलावा लॉयर्स कालोनी निवासी अतुल, गोपालपुरा निवासी पंकज और गालिब नगर, फिरोजाबाद निवासी अनवर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल, 76500 रुपये और एक रजिस्टर बरामद किया गया। ताजगंज क्षेत्र के होटलों में पहले भी देह व्यापार पकड़ा जा चुका है। इस बात की भनक थाना पुलिस को नहीं लग पाती है। एनजीओ की सूचना पर कार्रवाई की जाती है।

### महिला पर फेंकी बोतल, दी एसिड अटैक की धमकी

**छिबरामऊ, एजेंसी।** मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से एक ओर सरकार नारियों को सम्मान दिलाने का दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहा है। इब्राहिमगंज निवासी महिला को पिछले डेढ़ सालों से न्याय के लिए पुलिस महकमे के अफसरों के चक्कर काट रहा है। वहीं, मुकदमा वापस लेने की दबाव बनाने के लिए युवक उसे लगातार परेशान कर रहे हैं। यहां तक की महिला के पिता को जान से मारने देने की धमकी दे डाली। मोहल्ला इब्राहिममगंज पड़ाव निवासी आस्था त्रिवेदी ने बताया कि मोहल्ले के ही युवक ऋषि व आदित्य उसे अक्स जान से मारने व तेजाब डाल देने की धमकी देकर परेशान कर रहे हैं। इसका कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज है। 12 सितंबर की दोपहर 1.50 बजे पिता प्रदीप त्रिवेदी, मां के साथ बाजार से घर आए। तभी ऋषि बाइक से उसके दरवाजे पर आया और दोनों के साथ गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।झ15 सितंबर को दोपहर बाजार जाते समय आदित्य व देव ने उस बोतल फेंकते हुए धमकी दी कि अगली बार असली तेजाब फेकूंगा। तीनों युवकों से परेशान महिला पुलिस से कई बार कार्रवाई की गुहार लगा चुकी है। इसके बावजूद युवकों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि महिला के पिता प्रदीप त्रिवेदी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जो नहाया हो वो ही कमरे में आए.. आश्रम कांड के आरोपी बाबा ने होटल के कर्मचारियों को दी थी ये हिदायत



**आगरा एजेंसी।** आगरा में चैतन्यानंद सरस्वती ने होटल में कमरा लेते ही हाउसकीपिंग सर्विस के कर्मचारियों को हिदायत दे दी थी। कहा था कि बिना अनुमति कमरे में मत आना। जो नहाया न हो वो कमरे में प्रवेश न करे। कमरे में चप्पल उतार कर आएं। इस कारण कोई भी उसके कमरे में नहीं गया।

होटल में आने के बाद भी 17 छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती अपने टैक्सी चालक के संपर्क में ही था। ऐसा लग रहा था कि वह उसके साथ रविवार को कहीं और जाने वाला था। उससे ही व्हाट्सएप कॉल पर बात कर रहा था। रात आठ बजे उसे कॉल करके फलाहार मंगाया।

**रात में आलू के साथ खाई कुट्टू की पूड़ी:** इस पर चालक ने होटल के बगल के रेस्तरां के कर्मचारी देवा को कॉल किया। देवा ने बताया कि चालक ने उससे कहा कि फलाहार चाहिए। पहले उन्होंने मना किया। बाद में भोजन के लिए आलू तैयार करवाए। रात करीब आठ बजे एक कर्मचारी कमरे में दे आया। एक घंटे बाद चालक का फिर से कॉल आया। उसने इस बार व्रत वाली कुट्टू की पूड़ी और कद्दू की सब्जी मांगी। आधा घंटे बाद कर्मचारी वह भी दे आया। इसके बाद कोई कॉल नहीं आया। आरोपी बाबा के पकड़े जाने के बाद कमरा दिलाने में सहयोग करने वाले कौशल और चालक टीटू ने फोन उठाना बंद कर दिया। देवा ने बताया कि खाने के बिल का भुगतान नहीं किया गया था।

इस कारण वो चालक को कॉल कर रहा था मगर किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। बाद में पता चला कि स्वामी पार्थ सारथी ने होटल का भी भुगतान नहीं किया। कर्मचारी ने रकम मांगने का प्रयास किया तो पुलिसकर्मियों ने कहा कि रकम चाहिए तो दिल्ली आकर ले जाना।

**खाता खुलवाते समय अलग-अलग दस्तावेज जमा कराए थे :** जानकारी के अनुसार, चैतन्यानंद सरस्वती प्राथमिकी दर्ज होने के बाद चार अगस्त को दिल्ली से भाग गया था। आगरा के होटल कर्मचारियों के अनुसार, चैतन्यानंद 27 सितंबर को शाम करीब चार बजे होटल पहुंचा, जहां उसे कमरा नंबर 101 दिया गया। उन्होंने बताया कि वह पूरी रात कमरे में रहा। ये भी पता लगा है कि पार्थ सारथी ने अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 50 लाख रुपये से ज्यादा की रकम निकाल ली। अधिकारी ने कहा कि खाता खुलवाते समय उसने कथित तौर पर अलग-अलग विवरण वाले दस्तावेज जमा किए थे।


**मधुमेह की बीमारी से है पीड़ित :** आरोपी के वकील ने अपने मुवक्किल के हवाले से कहा कि आपने मेरे फोन, आईपैड और मेरा सामान ले लिया है। मैं मधुमेह से पीड़ित हूं और मुझे बैचेनी की समस्या है। मेरे भिक्षु वाले वस्त्र छीन लिए गए हैं। उन्होंने दलील दी कि मुझे (चैतन्यानंद को) परेशान करने के लिए पुलिस हिरासत में भेजा जा रहा है।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में श्रीहरि का शानदार प्रदर्शन



**अहमदाबाद, एजेंसी।** श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। श्रीहरि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। दो बार के ओलंपियन नटराज ने सुबह दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत के अनीश गौड़ा चौथी हीट में थे लेकिन चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में नौ स्वर्ण और एक रजत पदक जीते थे।

## सिवाच का विजयी गोल, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया



**कैनबरा, एजेंसी।** कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में आस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरूआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रही। भारत को इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब आस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

## अपनी मैच फीस आतंकी मसूद अजहर की फैमिली को देंगे पाकिस्तानी कप्तान?



**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के फाइनल में 28 सितंबर को मिली हार के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने ऐलान किया कि उनकी पूरी मैच फीस उन नागरिकों और बच्चों को दी जाएगी जो हाल की भारत की कार्रवाइयों में मारे गए. इस बयान ने क्रिकेट जगत और फैंस के बीच सवाल खड़े कर दिए। एशिया कप 2025 के फाइनल में 28 सितंबर को मिली हार के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने ऐलान किया कि उनकी पूरी मैच फीस उन नागरिकों और बच्चों को दी जाएगी जो हाल की भारत की कार्रवाइयों में मारे गए। इस बयान ने क्रिकेट जगत और फैंस के बीच सवाल खड़े कर दिए कि क्या पाकिस्तानी टीम भी अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादियों के साथ खड़ी है।

**एशिया कप:**

# टीम इंडिया को बीसीसीआई देगा 21 करोड़ रुपये इनाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के बीसीसीआई की तरफ से 21 करोड़ रुपये के इनाम का ऐलान किया गया है। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि एशिया कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम और उसके सपोर्ट स्टाफ को टूर्नामेंट में उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह एक असाधारण जीत थी और इसलिए जश्न के तौर पर बीसीसीआई ने एशिया कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। सैकिया ने कहा, वह धनराशि वितरित की जाएगी और यह हमारी टीम, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारत के लोगों के लिए एक बड़ा पुरस्कार है। हमें दुबई में अपने क्रिकेटरों और सहयोगी स्टाफ के शानदार प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। एशिया कप फाइनल मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद एक नाटकीय और विचित्र घटनाक्रम में चैंपियन टीम इंडिया को एशिया कप ट्रॉफी प्रदान नहीं की गई क्योंकि उसने पाकिस्तान के मंत्री और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों इसे लेने से इनकार कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह काफी विलंब से शुरू हुआ लेकिन सिर्फ व्यक्तिगत पुरस्कार दिए गए।

भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था लेकिन नकवी मंच पर डटे रहे। आखिर में विजयी टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई और ऐसा शायद क्रिकेट के मैदान पर पहली बार हुआ होगा। विलंब के बावजूद भारत के कई प्रशंसक मैदान में रूके रहे और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा जब मंच पर जाने लगे तो उनकी काफी हूटिंग हुई। भारतीय टीम अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने को तैयार थी जो नकवी के साथ मंच पर थे लेकिन नकवी ने ऐसा होने नहीं दिया। नकवी पुरस्कार वितरण समारोह शुरू होने से पहले एक तरफ खड़े थे और भारतीय खिलाड़ी 15 गज के भीतर थे । नकवी ने अपनी जगह पर ही डटे रहे जिससे समारोह में विलंब हुआ। समझा जाता है कि भारतीय टीम प्रबंधन ने पूछा था कि विजेता की ट्रॉफी कौन देगा और एशियाई क्रिकेट परिषद ने आपसी सलाह मशविरा शुरू कर दिया था क्योंकि उसे पता था कि भारतीय टीम नकवी से ट्रॉफी नहीं लेना चाहेगी। नकवी के मंच पर आने के बाद भारतीय प्रशंसकों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाने शुरू कर दिए। नकवी जब मंच पर आये तो उन्हें बताया गया कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी और अगर उन्होंने जबरदस्ती करने की कोशिश की तो आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी। नकवी इंतजार करते रहे और अचानक आयोजकों में से कोई ट्रॉफी को ड्रेसिंग रूम में ले गया।

## अगर नकवी सिर्फ एसीसी चीफ होते, तो भारत ट्रॉफी स्वीकार कर लेता: दानिश कनेरिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के ट्रॉफी वितरण विवाद पर पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपनी राय रखी है। कनेरिया के मुताबिक, अगर मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार से सीधे तौर पर जुड़े होने के बजाय सिर्फ एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष होते, तो टीम इंडिया उनसे ट्रॉफी स्वीकार कर लेती। कनेरिया ने कहा, मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार में संघीय मंत्री हैं। अगर वह सिर्फ एसीसी प्रमुख या पीसीबी प्रमुख होते, तो भारत उनसे ट्रॉफी स्वीकार कर लेता, लेकिन चूंकि वह सीधे तौर पर पाकिस्तान सरकार से जुड़े हैं, इसलिए भारतीय खिलाड़ी उनसे दूर रहे।

पूर्व लेग स्पिनर ने सुझाव दिया है कि नकवी को स्टेज से हट जाना चाहिए था। इसके बजाय किसी अन्य अधिकारी को समारोह की जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, मोहसिन को यह काम किसी और को सौंप देना चाहिए था। उनके कई चेले वहां जरूर मौजूद रहे होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट से जीत दर्ज की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, समारोह से पहले भारतीय टीम प्रबंधन ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जताई थी, लेकिन नकवी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। काफी देरी बाद जब पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ, तो भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव, सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने मंच पर मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए। जब नकवी मंच पर आए, तो भारतीय टीम ने स्पष्ट कर दिया कि वह उनसे पुरस्कार स्वीकार नहीं करेंगे। कुछ देर बाद, एशिया कप ट्रॉफी को आयोजन स्थल से हटा दिया गया, जिससे टीम इंडिया को पुरस्कार नहीं मिला।

## Asia Cup 2025 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिषेक शर्मा को मिली

### 33,60,658 रुपये की Haval H9 SUV




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबका दिल जीतने वाले अभिषेक शर्मा को टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया।

इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें इनाम में Haval H9 एसयूवी मिली। यह SUV न सिर्फ अपने रफ एंड टफ लुक के लिए जानी जाती है, बल्कि इसमें दिए गए फीचर्स और टेक्नोलॉजी इसे एक लग्जरी ऑफ-रोडिंग एसयूवी बनाते हैं।

## डेनिस ग्नजडिलोव ने दो विश्व रिकॉर्ड के साथ एफ40 गोला फेंक स्पर्धा में कायम किया दबदबा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को यहां एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे।

उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

सोमवार सुबह को दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम हुए और इस दौरान पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पुरुषों की गोला फेंक एफ53 फाइनल में पोलैंड के बार्टोस्ज गोरजाक ने 8.67 मीटर का थ्रो करके मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। महिलाओं के चक्का फेंक एफ44 फाइनल में मैक्सिको की ओसिरिस एनेथ माचाडो ने 44.36मीटर के थ्रो के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। फौस्टिना कोटलोव्स्का ने महिलाओं की चक्का फेंक एफ 64 स्पर्धा में पोलैंड को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इन दो स्वर्ण पदकों की मदद से पोलैंड पदक तालिका में चार स्वर्ण और चार कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। वह ब्राजील (तीन स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य) और चीन (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) से आगे निकल गया। इस दौरान चुनौती पेश कर रहे भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने सोमवार सुबह महिलाओं की चक्का फेंक एफ46 फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर का थ्रो करके चौथा स्थान हासिल किया।




**राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# मणिकांता ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता

**रांची, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मणिकांता होबलीधर ने रविवार को राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बारिश से प्रभावित दिन में शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का खिताब 10.19 सेकंड में जीतकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। 10.19 सेकंड किसी भी भारतीय धावक द्वारा अब तक का दूसरा सबसे तेज समय है।

मणिकांता का विजयी समय अनिमेष कुजूर के 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.01 सेकंड कम था। दौड़ के बाद, उन्होंने स्वीकार किया कि गीले ट्रैक ने उनके दौड़ने की गति में बाधा डाली। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य 10.10 मीटर का समय निकालना था, लेकिन गीले ट्रैक ने मेरी गति धीमी कर दी।

मेरा लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत पदक जीतना है। ऊंची कूद की एथलीट गोबिका, जिन्होंने पहले ही 1.79 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत लिया था, को और ऊंचा स्थान हासिल करने के प्रयास में दाहिने घुटने में गंभीर चोट लग गई। दर्द से कराहते हुए उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, जिससे दर्शक स्तब्ध रह गए। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, स्नेहा एस.एस. (11.62 मीटर) ने सुदेशना शिवंकर (11.64 मीटर) और अभिन्या राजराजन (11.67 मीटर) को कड़े मुकाबले में पीछे छोड़ दिया। अभिन्या कमर की समस्या बढ़ने के बाद दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं। उन्हें ट्रैक से बाहर ले जाया गया। ओलंपियन क्वार्टर-मिलर राजेश रमेश ने अपनी दौड़ पूरी करने का सही समय निकाला और 80 मीटर की दूरी पर संतोष टी. को पीछे छोड़ते हुए सीजन के सर्वश्रेष्ठ 45.75 सेकंड के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

110 मीटर बाधा दौड़ में, मानव आर. ने तेजस शिरसे की अनुपस्थिति में अपना खिताब बरकरार रखा और 13.97 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

## 'नो हैंडशेक' से 'प्लेन ड्रॉप' तक

# एशिया कप 2025 में क्रिकेट से ज्यादा सुर्खियों में रहे विवाद

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 केवल रन, विकेट और शानदार प्रदर्शन के लिए ही नहीं बल्कि उन विवादों के लिए भी याद किया जाएगा जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट का रुख और माहौल बदल दिया। भारत-पाकिस्तान की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता ने इसमें सबसे बड़ा मसाला डाला। मैदान पर हर गेंद के साथ जितना रोमांच बढ़ा, उतनी ही सुर्खियाँ खिलाड़ियों की हरकतों और रवैये ने बटोरीं।

**नो हैंडशेक विवाद:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा से टॉस के दौरान तीन बार हाथ नहीं मिलाया। 14 सितंबर के लीग मैच, 21 सितंबर के सुपर-4 और फिर 28 सितंबर के फाइनल - तीनों मौकों पर वही नजारा दिखा। यह क्रिकेट की परंपरा से हटकर था, जहाँ टॉस के बाद कप्तान आपस में हाथ मिलाते हैं। सोशल मीडिया पर इसको लेकर #नोहैंडशेक ट्रेंड करने लगा। भारतीय फैंस ने इसे 'सख्त स्टैंड' बताया, वहीं पाकिस्तानी मीडिया ने इसे 'स्पोर्ट्समैनशिप के खिलाफ' करार दिया।

**फिटनेस बनाम पिच विवाद:** सुपर-4 मैच के दौरान हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए, जिससे टीम इंडिया की चिंता बढ़ गई। इस पर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच बयानबाजी शुरू हो गई।

बीसीसीआई सूत्रों ने आरोप लगाया कि दुबई पिच की स्थिति खराब थी और ग्राउंड मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया। इसके जवाब में पीसीबी ने कहा कि पंड्या की फिटनेस का मामला पूरी तरह व्यक्तिगत है और इसमें पिच का कोई दोष नहीं। इस बहस ने टूर्नामेंट के बीच



में माहौल गरमा दिया और क्रिकेट से ज्यादा चर्चा प्रेस कॉन्फ्रेंस के बयानों की होने लगी।

**हारिस रऊफ का इशारा:** सुपर-4 मुकाबले में हारिस रऊफ ने बाउंड्री रोप पर खड़े होकर भारतीय दर्शकों की ओर प्लेन क्रैश का इशारा किया और साथ ही 6 उंगलिया दिखायई। यह वीडियो वायरल होते ही बवाल मच गया। कई विशेषज्ञों ने इसे हाल के भारत-पाक तनाव से जोड़कर देखा जिसमें पाकिस्तान ने भारत के 6 राफेल लड़ाकू विमान धवस्त करने का दावा किया था जो अभी तक सच साबित नहीं हुआ है। भारतीय फैंस ने सोशल मीडिया पर रऊफ को ट्रोल किया, जबकि पाकिस्तान के समर्थक इसे जश्न का तरीका बताने लगे।

आईसीसी ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए रऊफ को चेतावनी दी, लेकिन तब तक यह विवाद इंटरनेशनल मीडिया तक पहुंच चुका था।

**बुमराह का पलटवार 'प्लेन ड्रॉप':** 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में जसप्रीत बुमराह ने रऊफ को बोल्ड कर उनके स्टंप तोड़ दिए। इसके बाद उन्होंने वही प्लेन ड्रॉप का इशारा करके जवाब दिया। इस पल को भारतीय फैंस ने बदले की परफेक्ट स्क्रिप्ट कहा। ट्विटर और इंस्टाग्राम पर बुमराह का यह वीडियो लाखों बार देखा गया। स्पोर्ट्स पंडितों ने भी माना कि बुमराह ने रऊफ को उसी अंदाज़ में जवाब देकर यह दिखा दिया कि भारतीय टीम मैदान और मैदान के बाहर दोनों मोर्चों पर हावी है।

**अभिषेक शर्मा -रऊफ - मैदान पर झड़प:** सुपर-4 मैच में जब अभिषेक शर्मा आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हारिस रऊफ और उनके बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

अंपायरों और साथी खिलाड़ियों को बीच-बचाव करना पड़ा। यह झगड़ा इतना बढ़ा कि टीवी कैमरों पर भी दोनों के बीच की बहस साफ दिखाई दी। बाद में अभिषेक ने कहा कि वह सिर्फ खेल पर फोकस कर रहे थे, जबकि रऊफ ने दावा किया कि भारतीय बल्लेबाज़ ने उन्हें उकसाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह भिड़ंत भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता का नया चेहरा बन गई।

**जुर्माना और अपील - आईसीसी के फैसले पर बवाल:** आईसीसी ने विवाद शांत करने के लिए सूर्यकुमार यादव और हारिस रऊफ पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया। लेकिन यह फैसला भी विवादों से बच नहीं सका। बीसीसीआई और पीसीबी दोनों ने अलग-अलग वजहों से इस जुर्माने को चुनौती दी।

बीसीसीआई का तर्क था कि सूर्या ने केवल 'देशभक्ति का संदेश' दिया, जबकि पीसीबी ने कहा कि रऊफ की हरकत को गलत तरीके से बड़ा बनाया गया। नतीजा यह हुआ कि मामला और ज्यादा लंबा खिंच गया और खिलाड़ियों से ज्यादा चर्चा क्रिकेट बोर्ड्स की कानूनी लड़ाई की होने लगी।